प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

भाकृअनुप
ICAR

वार्षिक प्रतिवेदन
2014-15

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

नई दिल्ली

वार्षिक प्रतिवेदन
2014-15

अप्रैल 1, 2014 से मार्च 31, 2015

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि अनुसंधाान भवन 1, पूसा,
नई दिल्ली 110 012

भाकृअनुप
ICAR

मुद्रण : जून, 2015

मुख्य संरक्षक : डा. गुरबचन सिंह
अध्यक्ष

संरक्षक : डा. वी.एन. शारदा
सदस्य

डा. एस.के. बन्दोपाध्याय
सदस्य

मार्गदर्शन : श्री एन.एस. रंधावा
सचिव

संपादक : डा. ए.पी. रूहिल
प्रधान वैज्ञानिक

डा. सुरेश पाल
मुख्य तकनीकी अधिकारी

श्री पी.आर. राव
उपनिदेशक (राजभाषा)

प्रोडक्शन : डा. वी.के. भारती
श्री पुनीत भसीन

सहायता : श्री चितेश कौशिक
श्री खूबराम

अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012, दूरभाष संख्या 011–25848172, 25840251 द्वारा प्रकाशित मैसर्स प्रिन्ट–ओ–वर्ल्ड, 2579, मंदिर लेन, शादीपुर, नई दिल्ली–110008 के द्वारा लेजरटाइपसेट एवं मैसर्स रॉयल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए–89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस 1, नई दिल्ली 110028 के द्वारा मुद्रित।

प्रस्तावना

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15 को प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है। चूंकि मानव संसाधन का प्रवेश तथा उनका विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, अतः कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की अधिदेश गतिविधियों में भी निरन्तरता बनी रहती है। विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाओं में सुधार करना एवं गुणवत्ता लाना तथा समय–समय पर इन्हें अनुकूलतम बनाना ही मंडल की विशेषता है। इस संदर्भ में मंडल के लिए यह रिपोर्ट अवधि अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा क्योंकि मंडल द्वारा सुधार एवं परिष्कृत करने की पहल से इसकी दिशा और गति में पूर्णतः परिवर्तन आया है। चाहे माननीय प्रधान मंत्री जी का ''सबका साथ, सबका विकास'' तथा ''प्रत्येक बूंद जल से अधिक फसल'' या माननीय कृषि मंत्री जी का किसानों तक पहुंचने पर बल देने का संबोधन हो, इनका मूल उद्देश्य अत्यन्त स्पष्ट है कि किसान केन्द्रित अनुसंधान कार्यों से फार्म क्षेत्र की समस्याओं के समाधान से ग्रामीण विकास एवं प्रगति प्राप्त करना है। मैं वास्तव में प्रसन्न हूं कि मंडल अपनी सुधार प्रक्रिया को पुर्नस्थापित करने तथा इसे अनुकूलतम बनाने की दिशा में इन नीतिगत कार्यक्रमों को अपनाने में सफल रहा ताकि राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली में उच्च गुणीय मानव संसाधनों को ला सके।

हमेशा से ही यह चिन्ता का विषय रहा है कि किस प्रकार प्रतिकूल क्षेत्रों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों द्वारा स्थानीय स्तर पर दिए गए योगदान की पहचान करें तथा उन्हें पुरस्कार एवं पारितोषिक दिया जाए तथा उनके कार्य को प्रेरित करने हेतु कैरियर एडवांसमैंट स्कीम में किस प्रकार प्रोत्साहन दिया जाए। माननीय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. विशेष रूप से यह बल देते आ रहे हैं कि स्थानीय स्तर पर अनुसंधान सहायता प्रणाली तथा किसानों के समीप होकर कार्य करने की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाया जाए। मुझे प्रसन्नता है कि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने स्कोर कार्ड प्रणाली को पूर्ण रूप से संशोधन कर इसका समाधान किया। एक बार संशोधित स्कोर कार्ड लागू हो जाए तो हम आशा कर सकते हैं कि पार्श्व प्रवेश द्वारा अनुसंधान तथा अनुसंधान प्रबंधन पदों पर नियुक्तियों में महत्वपूर्ण गुणात्मक सुधार होंगें।

कृषि शिक्षा के पैमानें, संभावनाएं तथा विशेषताओं में अत्यन्त तेजी से विस्तार होता देखा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप मंडल से यह अनुरोध किया जा रहा है कि कृषि अनुसंधान सेवा तथा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के वर्तमान पाठ्यक्रम में नए विषय क्षेत्रों का समावेश और स्थान दिया जाए। मंडल ने इस प्रकार के कुछ अनुरोधों को वहां पर स्वीकार कर लिया है जहां पर देखा गया है कि इनका उपयुक्त औचित्य है। परन्तु अनेक मामलों में इस प्रकार के अनुरोधों पर नीतिगत गहन परिक्षण के बिना संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से स्वीकार करना कठिन है। कृषि अनुसंधान सेवा तथा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के विषय क्षेत्र तथा पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली के अनुसंधान तथा शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है। इस संदर्भ में आपको यह बताते हुए मुझे प्रसन्नता है कि इस प्रकार की पहलुओं पर एक कार्यशाला सह विचार मंथन सत्र के माध्यम से मंडल ने विशेषज्ञों के विचारों का संग्रहण किया। इस विचार मंथन सत्र से उभरी संस्तुतियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यदि एक बार इनका कार्यान्वयन हो जाए तो आशा है कि प्रणाली के हित में इस प्रकार की पहलुओं का समाधान हो जाएगा।

वैज्ञानिकों के आउटपुट तथा कार्यक्षमता को अनुकूलतम बनाने की दिशा में कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के तहत समय पर पदोन्नतियां देना प्रोत्साहन होगा। मंडल ने इस संदर्भ में विशेष प्रयास किया है। इस अवधि के दौरान कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक पद से प्रधान वैज्ञानिक पद पर पदोन्नतियों के सभी मामलों को अद्यतन किया गया। भविष्य में वैज्ञानिकों को कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अंतर्गत दी जाने वाली पदोन्नतियों को समय पर देने हेतु समय सीमा का निर्धारण किया गया।

मंडल द्वारा ऑनलाइन आयोजित एआरएस (प्रारम्भिक) और नेट परीक्षाओं से अर्जित अनुभव के आधार पर पार्श्व/सीधी भर्ती के आवेदनों तथा कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नतियों से सबंधित आवेदनों को भी ऑनलाइन पंजीकरण के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रणाली को

तभी लागू किया जाएगा जब परीक्षणों और पॉयलट ड्रिल के माध्यम से इसे पूरी तरह जांच कर लिया जाएगा। कृ.वै.च.मं. को आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध करा कर इसे सुदृढ़ बनाना अभी भी चिन्ता का विषय बना हुआ है। हमें आशा है कि निकट भविष्य में यह चिन्ता दूर हो जाएगी। लम्बे समय से बना हुआ एक अन्य पहलु है, स्वतंत्र कार्यालय भवन ताकि एक राष्ट्रीय स्तर की नियुक्ति निकाय के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक तथा अन्य उपाय किया जा सके। वास्तव में मुख्यालय की 12वीं योजना ईएफसी में यह एक प्रमुख प्रस्ताव है, आशा है निकट भविष्य में इसकी पूर्ति होगी।

माननीय श्री राधा मोहन जी, अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री; माननीय केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान एवं श्री मोहनभाई कुन्दरिया के प्रति निरन्तर उनकी सहायता, प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के लिए कृ.वै.च.मं. सदैव अभारी रहेगा। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के प्रयासों में डॉ. एस. अय्यप्पन, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प.; श्री अरविन्द आर. कौशल, पूर्व अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, भा.कृ.अनु.प.; श्री आर. राजगोपाल, अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, भा.कृ.अनु.प. तथा श्री पी. के. पुजारी, विशेष सविच एवं वित्त सलाहकार, भाकृअनुप/डेयर के सहयोग लिए कृ.वै.च.म. उनके प्रति अभारी हैं।

कृ.वै.च.मं. में मेरे सहयोगी डॉ. वी. एन. शारदा एवं डॉ. एस. के. बन्दोपाध्याय, सदस्यगण तथा श्री एन. एस. रंधावा, सचिव एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

इस प्रतिवेदन को समय पर प्रकाशित करने में डॉ. रामेश्वर सिंह, निदेशक, डी.के.एम.ए. के अलावा डॉ. वी. के. भारती, मुख्य उत्पादन अधिकारी एवं श्री पुनीत भसीन, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, डी.के.एम.ए. के सहयोग के लिए उन्हें विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं।

गुरबचन सिंह

(गुरबचन सिंह)
अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.

विषय सूची

	प्रस्तावना	*iii*
	कार्यकारी सारांश	*vii*
1.	भूमिका	1
2.	राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)	5
3.	परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां	6
4.	सीधी भर्ती	9
5.	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्तियां	11
6.	वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम	12
7.	सुधार	13
8.	सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 का अनुपालन	20
9.	राजभाषा हिन्दी की प्रगति	21
10.	स्थापना दिवस समारोह	22
11.	महिला सशक्तिकरण	25
12.	विविध	26
13.	सम्मान/एवार्ड	27
14.	दौरे	29
15.	प्रकाशन	33

अनुलग्नक

1.	भा.कृ.अनु.प. सोसाइटी के नियमों व उपनियमों के प्रावधानों का उल्लेख	35
2.	वर्ष 2014–15 के दौरान मंडल की प्राप्तियां एवं खर्च	37
3.	पिछले पांच वर्षों में मंडल के कार्यभार का तुलनात्मक विवरण	38
4(अ).	राष्ट्रीय पात्रतापरीक्षा 2014–I एवं II में उम्मीदवारों का विषयवार विवरण	39
4(ब).	दिनांक 22–28 सितम्बर, 2014 को आयोजित कृषि अनुसंधान सेवा–2014 (प्रारम्भिक) परीक्षा में उम्मीदवारों का विषयवार विवरण	41
4(स).	दिनांक 28 दिसम्बर, 2014 को आयोजित कृषि अनुसंधान सेवा–2014 (मुख्य) परीक्षा में उम्मीदवारों का विषयवार विवरण	43
5.	सीधी भर्ती 2014–15	45

6. पदों का विवरण जिन पर भर्ती नहीं की जा सकी 2014–15 55

7(अ). वर्ष 2014–15 के दौरान भा.कृ.अनु.प. के संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत मूल्यांकन के मामले 58

7(ब). वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों से प्रधान वैज्ञानिक पदों (न्यायिक मामलों की समीक्षा) पर किए गए मूल्यांकनों का विषय क्षेत्रवार विवरण 60

7(स). वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों से प्रधान वैज्ञानिक पदों (दिनांक 31.12.1998 से प्रभावी कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत) पर किए गए मूल्यांकनों का विषय क्षेत्रवार विवरण 61

8. संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन 62

9. संस्थानों की सूची जिनमें वर्ष 2014–15 के दौरान कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार तकनीकी पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन 64

10. वर्ष 2014–2015 के दौरान मंडल में स्वीकृत पदों की संख्या 66

11. कार्मिक (नियुक्तियां, पदोन्नतियां, स्थानांतरण, सेवा निवृतियां इत्यादि) 67

12. दिनांक 31.03.2015 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 68

कार्यकारी सारांश

वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15 मोटे तौर पर दिनांक 1 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की गतिविधियों का लेखा–जोखा है। परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां करना एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। विभिन्न विषयक्षेत्रों में प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों की नियुक्ति हेतु कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर/लेक्चरर की नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के दो अतिमहत्वपूर्ण कार्य हैं। रिपोर्ट अवधि के दौरान एआरएस–2013 परीक्षा का सम्पूर्ण चक्र पूर्ण कर कृषि अनुसंधान सेवा के 48 विषय क्षेत्रों में 362 उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु संस्तुतियां दी गईं। एआरएस–2014 के लिए 37 विषय क्षेत्रों के 307 रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए दिनांक 9 अगस्त, 2014 को अधिसूचना जारी की गई। एआरएस (प्रारम्भिक)–2014 परीक्षा का आयोजन दिनांक 22–28 सितम्बर, 2014 (जम्मू एवं काश्मीर केन्द्र में दिनांक 27–31 अक्टूबर) के दौरान पूर्ण रूप से ऑनलाइन पद्धति द्वारा तथा एआरएस–2014 मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 28 दिसम्बर, 2014 को किया गया जिसमें 2065 योग्यता प्राप्त उम्मीदवार उपस्थित हुए। अधिसूचित सभी विषयक्षेत्रों में एआरएस–2014 मौखिक परीक्षा का आयोजन मार्च–अप्रैल, 2015 के दौरान कृ.वै.च.मं. में किया गया तथा परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इन्हें अप्रैल, 2015 में अधिसूचित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) का आयोजन अब वर्ष में दो बार किया जा रहा है। तदनानुसार नेट–2014(I) का आयोजन दिनांक 26 मार्च से 4 अप्रैल, 2014 के दौरान किया गया इसमें 55 विषय क्षेत्रों में 2,712 उम्मीदवार सफल हुए। 56 विषय क्षेत्रों में नेट–2014(II) का आयोजन एआरएस–2014 प्रारम्भिक परीक्षा के साथ दिनांक 22–28 सितम्बर, 2014 के दौरान पूरी तरह ऑनलाइन किया गया जिसमें 4,225 उम्मीदवार सफल हुए।

कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक पद से प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड में समयानुसार पदोन्नति के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई। इस प्रक्रिया के अंतर्गत वर्ष 2014 के अंत तक के 45 विषय क्षेत्रों के सभी 195 मामलों पर विचार किया एवं संस्तुतियां परिषद् मुख्यालय को भेज दी गईं। पदोन्नतियों का प्रतिशत् लगभग 88% (6% विलंबित संस्तुतियों सहित) रहा जिससे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थागत व्यवस्था में अनुसंधान प्रणाली की सुदृढता प्रतिबिंबित होती हैं। इस प्रकार कैरियर एडवांसमैंट स्कीम के अंतर्गत सभी पदोन्नतियों का अध्यतन किया गया है और भविष्य के लिए समय सीमाएं तय की गईं ताकि कार्य समय सीमा के अनुसार हो एवं वैज्ञानिकगणों को उनकी पदोन्नतियां समय पर प्राप्त हो सके।

सीधी भर्ती/पार्श्व नियुक्तियों के माध्यम से विभिन्न अनुसंधान, अनुसंधान प्रबंधन तथा वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर नियुक्तियां करना भी इस अवधि के दौरान महत्वपूर्ण कार्य रहा। इस अवधि के दौरान अनुसंधान के 86 पदों, मध्यम स्तर के प्रबंधन के 62 पदों जैसे प्रभागाध्यक्ष/ प्रादेशिक केन्द्रों के अध्यक्ष, प्रबंधन स्तर के 41 पद जैसे संस्थानों के निदेशक, परियोजना समन्वयक, जोनल परियोजना निदेशक एवं 15 वरिष्ठ प्रबंधन पदों जैसे राष्ट्रीय निदेशक, उपमहानिदेशक पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन के लिए 3 खुले विज्ञापन जारी किए गए। कुल 143 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की गई जैसे वरिष्ठ वैज्ञानिक/प्रधान वैज्ञानिकों के 14 पद, मध्यम स्तर जैसे प्रभागाध्यक्ष, प्रादेशिक केन्द्रों के अध्यक्ष के 92 पद, प्रबंधन स्तर के 32 पद जैसे परियोजना समन्वयक/जोनल परियोजन निदेशक/निदेशक एवं 5 वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पद। सम्पूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया के पश्चात् 117 मामलों में नियुक्ति की संस्तुतियां दी गई जबकि 26 पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हुए।

प्रशासनिक अधिकारी एवं वित्त व लेखा अधिकारी पदों के लिए अखिल भारतीय खुली प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 23 नवम्बर, 2014 को किया गया जिसके लिए 23,987 उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवाया था जिसकी मूल्यांकन प्रक्रिया प्रगति पर है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रणाली में 270 रिक्त सहायक पदों की भर्ती हेतु एक अखिल भारतीय स्तर पर सम्पूर्ण रूप से आनॅलाइन पद्धति

द्वारा सहायक ग्रेड (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन दिनांक 5 जनवरी से 2 फरवरी, 2015 के दौरान देश के विभिन्न भागों में स्थित 23 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया गया। सहायक ग्रेड (मुख्य) परीक्षा का आयोजन देश के विभिन्न भागों में से 12 परीक्षा केन्द्रों में जून माह में निर्धारित है।

दिनांक 22–23 दिसम्बर, 2014 के दौरान अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव के 14 पदों की भर्ती हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् मुख्यालय में सहायक के 7 रिक्त पदों की भर्ती हेतु सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 27–28 नवम्बर, 2014 के दौरान किया गया। परिषद मुख्यालय में उच्च श्रेणी लिपिक पदों की भर्ती हेतु एक अन्य सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 27 फरवरी, 2015 को किया गया।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने वर्ष 2014 में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली की सेवा में 41 वर्ष पूर्ण कर लिए और इस उपलक्ष्य में मंडल ने 1 नवम्बर, 2014 को 41वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जिसके उदघाटन सत्र में माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. श्री राधामोहन सिंह जी ने वैज्ञानिक समुदाय को संबोधित किया। अन्य विषयों के साथ–साथ उन्होने इस विषय पर बल दिया कि फार्म सेक्टर विशेषकर ग्रासरूट स्तर पर एक संवेदनशील तथा किसानों के प्रति मैत्रीपूर्ण अनुसंधान सहायता प्रणाली को उपलब्ध कराना है। प्रोफेसर डा. राघवेन्द्र गडगकर, अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान

डॉ. गुरबचन सिंह, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. द्वारा श्री राधा मोहन सिंह जी, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री को कृ.वै.च.मं. की वार्षिक रिपोर्ट 2013–14 प्रस्तुत करते हुए

अकादमी ने स्थापना दिवस व्याख्यान के दौरान कहा कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक प्रयासों की अनन्त संभावनाएं है। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने अपने स्टेक होल्डरों से नियमित तौर पर फीडबेक लेने के संदर्भ में एक द्विभाषीय अर्धवार्षिक न्यूजलेटर प्रकाशित करने की पहल की है। इस न्यूजलेटर के प्रथम अंक का विमोचन माननीय कृषि मंत्री द्वारा 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 1 नवम्बर, 2014 को किया गया।

नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित वैज्ञानिक स्कोर कार्ड के साथ–साथ योजना, विषय क्षेत्र, पाठ्यक्रम आदि संबंधित विषयों पर समय–समय पर विभिन्न स्थानों से चिंताएं जताई गई। माननीय केन्द्रिय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष कृषि अनुसंधान परिषद् ने भी अनेक अवसरों पर कुछ विषयों पर चिंता व्यक्त की। इस प्रकार की पहलुओं पर बृहत रूप में विशेषज्ञतायुक्त फीडबेक प्राप्त करने के लिए विशेषकर स्टेक होल्डरों के अलावा विभिन्न वैज्ञानिक प्रणालियों के विशेषज्ञों से राय लेने हेतु कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने दिनांक 16–17 जनवरी, 2015 के दौरान राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में एक दो दिवसीय कार्यशाला सह विचार मंथन सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व

कुलपतिगण, पूर्व महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प.; कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पूर्व सदस्यगण; संघ लोक सेवा के पूर्व अध्यक्ष; भा.कृ.अनु.प. के चयनित संस्थानों के निदेशकगण के अलावा सरकारी संगठनों के काफी वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृ.वै.च.म. के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा परिषद् के कुछ वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए हैं। इस सत्र में की गई चर्चाएं काफी सफल रहीं। इस सत्र द्वारा की गई संस्तुतियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है तथा इनके लागू हो जाने से प्रणाली के हित में अनेक चिंताएं दूर हो जाएंगी। इस दो दिवसीय कार्यशाला सह विचार मंथन सत्र का उदघाटन माननीय केन्द्रिय कृषि मंत्री तथा माननीय केन्द्रिय कृषि राज्य मंत्री द्वारा किया गया जिन्होंने स्पष्ट रूप से किसानों के लिए स्थानीय रूप से ग्रास रूट स्तर पर अनुसंधान सहायता प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया।

किसी भी संगठन में उसके कार्यों में पारदर्शिता उस संगठन की उत्कृष्टता को दर्शाता है। यह विशेषकर कृ.वै.च.मं. जैसे राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र नियुक्ति निकाय पर लागू होता है। चाहे आवेदनों की जांच हो, साक्षात्कार या परीक्षा प्रक्रिया या सलाहकारों/परीक्षकों/पैपर सैटर/मूल्यांकनकर्ताओं को सूचीबद्ध करना हो, इन सभी कार्यों में मंडल में सभी स्तरों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक जांच एवं उद्देश्यपूर्णतः अपनाया जाता है। रिपोर्ट अवधि के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की यह उपलब्धि रही कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाओं को निर्धारित समय सीमा में नियमों के अनुसार उपलब्ध कराई गई। कृ.वै.च.मं. को किसी भी अवसर पर निंदा या प्रतिकूल टिप्पणियों का सामना नहीं करना पड़ा, चाहे सूचना अधिकार अधिनियम के मामलें हो या विभिन्न न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत मामलें हों। इसी प्रकार कृ.वै.च.मं. ने राजभाषा कार्यान्वयन के मामले में भी विशेष प्रयास किया। राजभाषा की प्रगति हेतु सभी संभव प्रयास एवं उपाय किए गए जिनमें उम्मीदवारों को साक्षात्कारों में हिन्दी का विकल्प देना भी शामिल है। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पुस्तकालय में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकों का भी संग्रहण किया गया ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा बाहर से आने वाले विशेषज्ञ/सलाहकार/पैपर सैटर/मूल्यांकनकर्ता भी इनका उपयोग कर सकें। प्रश्न बैंक और सलाहकार/विशेषज्ञों के डेटाबेस को निरन्तर अध्यतन, उन्नयन तथा विस्तार हेतु विशेष प्रयास किए गए।

परीक्षाओं की संख्या, क्षेत्र तथा पैमाने में विस्तार तथा नियुक्ति गतिविधियों में वृद्धि के कारण कुछ गंभीर कठिनाईयां उत्पन्न हुई जैसे कार्यालय में प्रर्याप्त स्थान न होना तथा प्रशासनिक वर्ग के नियमित कर्मचारियों का अत्यधिक अभाव आदि। आशा है कि निकट भविष्य में भा.कृ.अनु.प. अतिरिक्त कर्मचारियों को उपलब्ध कराएगा। कृ.वै.च.मं. ने 12वीं योजना में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मुख्यालय की इएफसी में एक स्वतन्त्र कार्यालय भवन का प्रस्तावित किया। एक बार इस आवश्यकता की पूर्ति हो जाए तो मंडल सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तथा संबंधित कार्यप्रणाली को अपना सकता है जो राष्ट्रीय स्तर के एक स्वतन्त्र नियुक्ति निकाय के लिए आवश्यक होता है। मंडल को नियुक्ति प्रक्रिया में स्वायत्तता तथा स्वतन्त्रता उपलब्ध है जबकि कुछ प्रशासनिक एवं वित्तीय समस्याएं हैं; विशेषकर विशेषज्ञों/सलाहकारों/पैपर सैटर/मूल्यांकनकर्ताओं के लिए मानदेय की दरों तथा पारितोषिकी को समय–समय पर संशोधन करने तथा मंडल की नियुक्ति कार्यों के लिए आने जाने वाले विशेषज्ञों की यात्रा के संदर्भ में कुछ लचीलापन अपनाने के संदर्भ में। यदि इन समस्याओं का समाधान प्रर्याप्त प्रशासनिक अधिकार दे कर किया जाता है तो राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली के हित में सभी नियुक्ति संबंधी कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ सलाहकार/विशेषज्ञ सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

1

भूमिका

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की स्थापना सन् 1973 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए एक स्वतंत्र भर्ती निकाय के रूप में भारत सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के तत्कालीन सदस्य डॉ. एम.एल. सहारे की अध्यक्षता में की गई। अपने अधिदेश के अनुसार कृ.वै.च.मं., भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् मुख्यालय तथा पूरे देश में फैले इसके अनुसंधान संस्थानों में श्रेष्ठ वैज्ञानिकों एवं अन्य प्रबंधन कार्मिकों की नियुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा मंडल परिषद को मानव संसाधन एवं इनके विकास हेतु कृषि वैज्ञानिक सेवा के वैज्ञानिकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम सहित अन्य योजनाओं को तैयार करने एवं उन्हें कार्यान्वित करने में सहायता और सुझाव देता है। 41 वर्ष पूर्व अपनी स्थापना से ही कृ.वै.च.मं. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली की वर्तमान एवं उभरती आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिभा खोज की योजनाओं में सुधार एवं परिष्कृत करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

अधिदेश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का अधिदेश है कि देश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं पूरे देश में फैले इसके संस्थानों में विभिन्न पदों के लिए अतिउत्तम मानव संसाधनों को उपलब्ध कराना है। कैबिनेट निर्णय के अनुसार मंडल को निम्नलिखित दायित्व सौंपे गए हैं।

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कृषि अनुसंधान सेवा के विभिन्न पदों तथा समय समय पर अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. द्वारा सूचित पदों एवं सेवाओं पर नियुक्तियां करना।
- अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. द्वारा अपेक्षित पदोन्नतियों सहित कार्मिक मामलों में परिषद को सहायता देना।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा नियुक्त व मंडल की सहमति से परिषद द्वारा नियुक्त अधिकारियों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों में परिषद को सुझाव देना।

अखिल भारतीय स्तर पर कृषि अनुसंधान सेवा के गठन के पश्चात मंडल को निम्नलिखित अतिरिक्त दायित्व सौंपे गए।

- अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि वैज्ञानिक सेवा के प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक ग्रेड में नियुक्तियां करना।
- कृषि वैज्ञानिक सेवा के गठन के प्रारम्भ में भा.कृ.अनु.प. के वर्तमान वैज्ञानिकों को कृषि वैज्ञानिक सेवा में सम्मिलित करना।
- कृषि वैज्ञानिक सेवा के वैज्ञानिकों के मेरिट प्रमोशन एवं अग्रिम वेतन वृद्धियों के लिए मूल्यांकन करना।

इनके अतिरिक्त कृ.वै.च.मं. को तकनीकी सेवा के अंतर्गत एक निर्धारित स्तर से ऊपर के अधिकारियों तथा प्रशासनिक व लेखा पदों जैसे प्रशासनिक अधिकारी/वित्त व लेखा अधिकारी, सहायक निदेशक (राजभाषा) और सहायक पदों पर नियुक्तियां करना जो कि सीधी भर्ती या खुली प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से करनी होती हैं। चयन मंडल के कर्तव्य एवं दायित्वों का उल्लेख भा.कृ.अनु.प. सोसाइटी के नियम एवं उपनियमों में किया गया है (परिशिष्ट–1)।

चयन मंडल 56 विषय क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का भी आयोजन वर्ष में दो बार करता है जो राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर/लेक्चरर पदों पर प्रारम्भिक नियुक्ति के लिए अपेक्षित है।

संगठन

मंडल में एक अध्यक्ष तथा दो सदस्य होते हैं और इनकी सहायता के लिए एक सचिव होता है। मंडल के दायित्वों के कुशल अनुपालन के लिए दो परीक्षा नियंत्रक, एक उपसचिव तथा एक प्रधान वैज्ञानिक के अलावा अन्य प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी अधिकारी व कर्मचारीगण भी हैं।

चयन मंडल में दिनांक 31 मार्च, 2015 को अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 78 है (परिशिष्ट–10)। दिनांक 1 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान चयन मंडल के अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों की सूची परिशिष्ट–12 में दी गई है।

वित्तीय खर्च

चयन मंडल ने वित्त वर्ष 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च, 2015 के दौरान गैर योजना खर्च के अंतर्गत ₹1651.93 लाख तथा एनएआईपी/विश्व प्रायोजित ऑनलाइन परीक्षा उप–परियोजना के अंतर्गत ₹ 598.07 लाख खर्च किया। खर्च का विवरण परिशिष्ट–2 में दिया गया है।

गतिविधियां

अधिदेशित गतिविधियों के कार्य निष्पादन के दौरान मंडल भर्ती एवं मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों में संलिप्त रहा। चयन मंडल के पिछले पांच वर्षों में मंडल की गतिविधियों का तुलनात्मक विवरण परिशिष्ट–3 में वर्णित किया गया है।

वर्ष के दौरान मंडल में भा.कृ.अनु.प. से आचरण, अस्थायी नियुक्तियां के संदर्भ में नियम II (5), नियम 15 (5) के अंतर्गत तथा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के संदर्भ में नियम II (7) के अंतर्गत सुझाव हेतु कोई मामला नहीं आया है।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का आरगेनोग्राम



कृ.वै.च.मं. का वर्तमान ढांचा

वर्ष 2014–2015 के दौरान कृ.वै.च.मं. की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

गतिविधियां	संख्या
1. साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्तियां (सीधी भर्ती)	
• पद जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पिछले वर्षों से लम्बित रही	92
• चालू वर्ष के दौरान नियुक्तियों हेतु प्राप्त पद	118
• पदों की संख्या जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई	143
• विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या	1741
• साक्षात्कार लिए गए उम्मीदवारों की संख्या	570
• नियुक्ति हेतु सिफारिश किए गए उम्मीदवारों की संख्या	117
• ऐसे मामलें जिनमें उपयुक्त उम्मीदवार नहीं पाया गया	19
• ऐसे मामलें जिनमें साक्षात्कार के लिए कोई उम्मीदवार उपस्थित न हुआ हो	07
• वर्ष के दौरान विज्ञापनों में दिए गए विभिन्न पदों हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच	2000
• ऐसे पद जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है	164
• विज्ञापित पदों की संख्या	204
2. परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां	
(i) राष्ट्रीय पात्रता प्रमाण पत्र हेतु आयोजित ऑनलाइन नेट परीक्षा, 2014 (I)	
• पंजीकृत आवेदकों की संख्या	18,245
• उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	14,178
• उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या	2,712
• जारी किए गए नेट प्रमाण पत्र	2,712
(ii) राष्ट्रीय पात्रता प्रमाण पत्र हेतु आयोजित ऑनलाइन नेट परीक्षा, 2014 (II)	
• पंजीकृत आवेदकों की संख्या	25,359
• उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	18,415
• उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या	4,225
• जारी किए गए नेट प्रमाण पत्र	4,225
(iii) प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक पदों के लिए एआरएस परीक्षा, 2013	
• प्रारम्भिक परीक्षा हेतु पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या	17,180
• परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	12,850
• मुख्य परीक्षा हेतु प्रारम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या	3,638
• मुख्य परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	3,239
• चयनित उम्मीदवारों की संख्या	362

गतिविधियां	संख्या
(iv) प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक पदों के लिए एआरएस परीक्षा, 2014	
• प्रारम्भिक परीक्षा हेतु पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या	12,691
• प्रारम्भिक परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	9,177
• मुख्य परीक्षा हेतु प्रारम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या	2,065
• मुख्य परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	1,835
(v) सहायक निदेशक (राजभाषा) परीक्षा	
• परीक्षा हेतु पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या	534
• परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	172
(vi) प्रशासनिक अधिकारी तथा वित्त व लेखा अधिकारी परीक्षा	
• परीक्षा हेतु पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या	23,987
• परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	10,434
(vii) सहायक पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा	
• प्रारम्भिक परीक्षा हेतु पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवारों की संख्या	70,645
• प्रारम्भिक परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या	24,468
3. मूल्यांकन तथा मूल्यांकनों की समीक्षा	
• संशोधित सीएएस के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड में पदोन्नति हेतु मूल्यांकन	195
• पुराने सीएएस के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड में पदोन्नति हेतु मूल्यांकन तथा न्यायालय में पड़े मामलों की समीक्षा	50
• वैज्ञानिकों के इन्डक्शन	1
• पंचवर्षीय मूल्यांकन	1
• मूल्यांकन की समीक्षा	1
4. गठित समितियां	
• सीधी भर्ती के स्कोर कार्ड की समीक्षा हेतु	1
• भा.कृ.अनु.प. द्वारा स्कोर कार्ड प्रणाली में असुविधाजनक घोषित परिषद के एककों/ केन्द्रों/स्टेशनों की सूची की समीक्षा हेतु	1

महत्वपूर्ण घटनाएं

स्थापना दिवस समारोह

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली की सेवा में 40 वर्षों से अधिक की सेवा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अपना 41वां स्थापना दिवस 1 नवम्बर, 2014 को मनाया। इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. श्री राधा मोहन सिंह जी मुख्य अतिथि रहे। स्थापना दिवस व्याख्यानदाता डा. गजेन्द्र गडगकर, अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय अकादमी ने कृषि विज्ञान सहित विज्ञान के क्षेत्र में उभरते नई पहलुओं पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला सह विचार मंथन सत्र

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने ''राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली में प्रतिभा की खोज को अनुकूलतम बनाना'' विषय पर राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में दिनांक 16–17 जनवरी, 2015 के दौरान एक दो दिवसीय कार्यशाला सह विचार मंथन सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री राधा मोहन सिंह, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार ने किया, जिसमें 50 से अधिक चयनित उच्च स्तर के प्रतिनिधियों जैसे चयनित राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के उपकुलपतिगण, भा.कृ.अनु.प. के मानद विश्वविद्यालयों के राष्ट्रीय निदेशकगण, परिषद के अनुसंधान संस्थानों के निदेशक तथा परिषद के वरिष्ठ अधिकारीगण के अलावा साथी संस्थान जैसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

हिन्दी प्रतियोगिताएं

इस वर्ष के दौरान मंडल ने अनेक हिन्दी प्रतियोगिताओं जैसे हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता, हिन्दी पत्र लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी शब्दावली प्रतियोगिता एवं आशुभाषण की प्रतियोगिता का आयोजन किया। मंडल के अनेक अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंडल में दिनांक 15 से 22 सितम्बर, 2014 के दौरान आयोजित हिन्दी सप्ताह में नगद पुरस्कार दिया गया।

श्रीमती प्रियंवदा, निदेशक (राजभाषा), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में डॉ. सुरेश पाल को प्रथम पुरस्कार

स्वच्छ भारत अभियान

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए पूर्ण निष्ठा से जमीनी स्तर पर कार्य प्रारम्भ किया। मंडल के अध्यक्ष डा. गुरबचन सिंह ने मंडल के सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को साथ लेकर दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को कार्यालय परिसर तथा कृषि अनुसंधान भवन–1 के चारों ओर विशेष सफाई हेतु एक अभियान प्रारम्भ किया।

स्वच्छता अभियान में कृ.वै.च.मं के अध्यक्ष एवं सचिव

स्वच्छता अभियान में कृ.वै.च.मं के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण भाग लेते हुए

नव वर्ष पर सफाई अभियान

कृ.वै.च.मं. के अध्यक्ष ने अपने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित 1 जनवरी, 2015 को पूसा परिसर में विशेष सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. तथा भा.कृ.अनु.प. के अन्य अधिकारीगण

2

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)

नेट परीक्षाएं

राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि संकाय वाले अन्य विश्वविद्यालयों में लेक्चरर/ सहायक प्रोफेसर की अर्हता निर्धारण में नेट एक आवश्यक परीक्षा है। वर्ष के दौरान दो नेट परीक्षाओं नेट–2014 (I) तथा नेट–2014 (II) का आयोजन 55 विषय क्षेत्रों में क्रमशः 26 मार्च से 04 अप्रैल, 2014 तथा 22 से 28 सितम्बर, 2014 (जम्मू और काश्मीर केन्द्रों में 27 से 31 अक्टूबर, 2014) के दौरान देश के 21 परीक्षा केन्द्रों में पूरी तरह ऑनलाइन किया गया। प्रथम नेट परीक्षा हेतु 18,245 उम्मीदवारों ने आवेदन किया जबकि दूसरी नेट परीक्षा के लिए 25,359 उम्मीदवारों ने आवेदन किया। दोनों नेट परीक्षाओं में क्रमशः 14,178 तथा 18,415 उम्मीदवार परीक्षा हेतु उपस्थित हुए। प्रथम नेट परीक्षा में 2,712 (19%) उम्मीदवार तथा दूसरी नेट परीक्षा, 2014 में 4,225 (23%) उम्मीदवार उर्तीण हुए। पहली नेट परीक्षा में दो विषय क्षेत्र नामतः पशु पुनरात्पादन एवं मादा रोग विज्ञान और गृह विज्ञान क्षेत्र में कोई भी उम्मीदवार सफल नहीं रहा जबकि दूसरी नेट परीक्षा में सभी विषयक्षेत्रों में उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की (परिशिष्ट IV-A)

वर्ष 2014 के दौरान आयोजित नेट परीक्षाओं का विवरण

दोनों ही परीक्षाओं में सफल उम्मीदवारों का उच्चतम प्रतिशत पशु शरीर विज्ञान (70.11%) विषय क्षेत्र में रहा तथा इसके बाद का स्थान क्रमशः पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान (59.46%), कुक्कुट पालन विज्ञान (58.49%), मत्स्य पोषण (54.29%) क्षेत्र से रहा जबकि निम्नतम प्रतिशत गृहविज्ञान (0.25%) क्षेत्र में रहा। 10 विषय क्षेत्रों में सफलता दर 10% से भी कम रहा।

संगठनवार योगदान

आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि दोनों परीक्षाओं से उर्त्तीण 6,937 उम्मीदवारों में से 35% उम्मीदवार 10 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा परिषद के मानद विश्वविद्यालयों (तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर; आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद; गोबिन्द वल्लब पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर; डा. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला; डा. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन; बिधान चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, नदिया; पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना;



वर्ष 2014 में आयोजित प्रथम एवं दूसरी नेट परीक्षाओं (I एवं II) में संगठनवार निष्पादन

कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड; आनन्द कृषि विश्वविद्यालय, आनन्द तथा परिषद के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली; भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर; केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुम्बई एवं राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल) से हैं एवं शेष उम्मीदवारों में से 35% अन्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों से तथा 30% सामान्य विश्वविद्यालयों से हैं।

राज्यवार योगदान

राज्यवार वितरण इस बार भी तिरछा रहा। 68% सफल उम्मीदवार 11 राज्यों से (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश) हैं। सफल उम्मीदवारों



वर्ष 2014 में आयोजित नेट परीक्षाओं (I एवं II) में सफल उम्मीदवारों का राज्यवार विवरण

की सूची में चंडीगढ़ (संघ क्षेत्र), अण्डमान एवं निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप, गोवा तथा दमन एवं दीव का प्रतिनिधित्व बहुत ही कम रहा।

पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों का योगदान

कुल उत्तीर्ण 6937 उम्मीदवारों में से 41 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं हैं।



वर्ष 2014 में आयोजित नेट परीक्षाओं (I एवं II) में सफल उम्मीदवारों में पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों का अनुपात

3

परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां

कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) परीक्षा 2013

कृषि अनुसंधान सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन 33 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 29 दिसम्बर, 2013 को किया गया जिसमें 48 विषय क्षेत्रों में 12,850 उम्मीदवार उपस्थित हुए और इनमें से मुख्य परीक्षा हेतु 3,638 उम्मीदवार सफल हुए। परन्तु दिनांक 9 मार्च, 2014 को देश के 12 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित मुख्य परीक्षा में वास्तव में 3,239 उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। जिनमें से 48 विषय क्षेत्रों के लिए 1,091 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया। अंततः मंडल द्वारा 362 उम्मीदवारों की नियुक्ति हेतु सिफारिश की गई।





एआरएस 2013 में सफल उम्मीदवारों का वर्गवार विवरण

संगठनवार योगदान

सिफारिश किए गए 362 उम्मीदवारों में से 78% उम्मीदवार 10 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों एवं भा.कृ.अनु.प. के मानद विश्वविद्यालयों (तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर; आचार्य एन. जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद; गोबिन्द वल्लब पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर; डा. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला; डा. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़; चौधरी चरणसिंह



एआरएस 2013 परीक्षा में संगठनवार निष्पादन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार; केरल कृषि विश्वविद्यालय तिरूचूर; बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, बागलकोट तथा परिषद के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली; भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर; केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुम्बई; राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल) से हैं तथा 15% उम्मीदवार शेष राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों से एवं 7% उम्मीदवार सामान्य विश्वविद्यालयों से हैं।

राज्यवार योगदान

- राज्यवार वितरण इस बार भी तिरछा ही रहा। 84% सफल उम्मीदवार 11 राज्यों से (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा और मणिपुर) हैं। सफल उम्मीदवारों की सूची में पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, सिक्किम तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप का प्रतिनिधित्व बहुत ही कम रहा है।



एआरएस 2013 में सफल उम्मीदवारों का राज्यवार विवरण

पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों का योगदान

- चयनित कुल 362 उम्मीदवारों में 31% महिला उम्मीदवार हैं।



एआरएस–2013 में पुरुष एवं महिला उम्मीदवार

कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा-2014

दिनांक 22 से 28 सितम्बर, 2014 के दौरान देश के विभिन्न भागों में स्थित 21 परीक्षा केन्द्रों में कृषि अनुसंधान सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा 2014 तथा नेट 2014(II) का संयुक्त आयोजन पूर्णतः ऑनलाइन पद्धति से किया गया। श्रीनगर एवं जम्मू परीक्षा केन्द्रों में बाढ़ की विपरीत परिस्थितियों के कारण परीक्षा को स्थगित करना पड़ा जिसे 27 से 31 अक्टूबर, 2014 के दौरान आयोजित किया गया। एआरएस परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले 12,691 उम्मीदवारों में से 9,177 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए और इनमें से 2,065 उम्मीदवार एआरएस प्रारम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, परन्तु दिनांक 28 दिसम्बर, 2014 को देश के 12 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित एआरएस मुख्य परीक्षा में केवल 1,835 उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। इस परीक्षा में सफल 706 उम्मीदवारों का साक्षात्कार कार्यक्रम 9 मार्च, 2015 से 10 अप्रैल, 2015 के दौरान निर्धारित की गई है।



एआरएस परीक्षा 2014 का विवरण

प्रशासनिक अधिकारियों और वित्त व लेखा अधिकारियों की नियुक्ति

प्रशासनिक अधिकारियों और वित्त व लेखा अधिकारियों के कुल 28 पदों को भरने हेतु देश के 12 परीक्षा केन्द्रों में अखिल भारतीय स्तर पर खुली प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु 23,987 उम्मीदवारों ने आवेदन किया और दिनांक 23 नवम्बर, 2014 को आयोजित इस परीक्षा में केवल 10,434 उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। आगे की नियुक्ति प्रक्रिया कार्याधीन है।

सहायक निदेशक (राजभाषा) की नियुक्ति

सहायक निदेशक (राजभाषा) के कुल 11 पदों पर भर्ती हेतु देश के विभिन्न भागों में स्थित 4 केन्द्रों में अखिल भारतीय स्तर पर एक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा हेतु 534 उम्मीदवारों ने आवेदन किया परन्तु दिनांक 22 नवम्बर, 2014 को आयोजित इस परीक्षा में केवल 172 उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। आगे की नियुक्ति प्रक्रिया कार्याधीन है।

सहायक पदों पर नियुक्ति

सहायक के 270 पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 5 जनवरी, 2015 से 2 फरवरी, 2015 के दौरान देश के विभिन्न भागों में स्थित 23 ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों में अखिल भारतीय स्तर पर खुली ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके लिए 23 परीक्षा केन्द्रों के लिए कुल 70,645 उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवाया। किन्तु परीक्षा हेतु वास्तव में 24,468 (35%) उम्मीदवार ही उपस्थित हुए। आगे की नियुक्ति प्रक्रिया कार्याधीन है।

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी की नियुक्ति

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों के कुल 3 पदों पर भर्ती हेतु कृ.वै.च.मं. ने दिनांक 14 जून, 2014 को एक अधिसूचना जारी किया। इन पदों के लिए कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए हैं और चयन प्रक्रिया प्रगति पर है।

सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी पद पर नियुक्ति

केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल में सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी–कृषि अभियंता (T.7.8) पद हेतु विज्ञापन संख्या 04/2014 जारी किया और चयन प्रक्रिया प्रगति पर है।

अनुभाग अधिकारी तथा निजी सचिव सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा

भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय में अनुभाग अधिकारी और निजी सचिव के कुल 14 पदों पर नियुक्ति हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 22–23 दिसम्बर, 2014 के दौरान नई दिल्ली में किया गया। परीक्षा हेतु कुल 44 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, जिनमें 32 आवेदन अनुभाग अधिकारी पदों के लिए तथा 7 आवेदन निजी सचिव पदों के लिए तथा शेष 5 आवेदन दोनों ही पदों के लिए थे। परीक्षा हेतु वास्तव में 35 उम्मीदवार उपस्थित हुए हैं और चयन प्रक्रिया प्रगति पर है।



अनुभाग अधिकारी और निजी सचिव पदों के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के उम्मीदवारों का विवरण

सहायक पदों के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा

भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय में सहायक के कुल 7 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 27–28 नवम्बर, 2014 के दौरान मंडल ने नई दिल्ली में एक सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन किया। प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कुल 12 उम्मीदवारों ने आवेदन किया किन्तु इनमें से 10 उम्मीदवार ही परीक्षा में उपस्थित हुए।

सहायक पदों के लिए सीमित विभागीय परीक्षा का एक दृश्य

उच्च श्रेणी लिपिक पदों के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा

भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय में उच्च श्रेणी लिपिक के कुल 3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 27 फरवरी, 2015 को मंडल ने नई दिल्ली में एक सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन किया। प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कुल 29 उम्मीदवारों ने आवेदन किया किन्तु इनमें से 25 उम्मीदवार ही परीक्षा में उपस्थित हुए।

4

सीधी भर्ती

रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल ने सीधी भर्ती की दिशा में दिए गए विवरण के अनुसार मुख्यतः 3 विज्ञापनों जैसे 02/2014, 03/2014 तथा 01/2015 के तहत कार्य प्रारम्भ किया। वर्ष के दौरान मंडल में भा.कृ.अनु.प. से 118 पदों की भर्ती हेतु मांग पत्र प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष प्राप्त हुए मांग पत्रों में से 92 पदों पर कार्रवाई लम्बित थी।

कुल विज्ञापित पदों में लगभग 28 प्रतिशत पद वरिष्ठ वैज्ञानिक और कार्यक्रम समन्वयक स्तर के, 14 प्रतिशत पद प्रधान वैज्ञानिक स्तर के, 35 प्रतिशत पद मध्य स्तर के जैसे प्रभागाध्यक्ष और परियोजना समन्वयक स्तर के जबकि शेष 24 प्रतिशत पद अनुसंधान प्रबंधन स्तर के हैं जैसे उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक एवं संयुक्त निदेशक, सहायक महानिदेशक, निदेशक, परियोजना निदेशक, जोनल परियोजना निदेशक आदि।



वर्ष 2014–15 के दौरान विज्ञापित वैज्ञानिक पदों का पदवार विवरण

रिपोर्ट अवधि के दौरान 143 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। आंकड़ों के अनुसार नियुक्ति की गई कुल पदों में से 26% पद अनुसंधान प्रबंधन स्तर (आरएमपी) के, 64% पद प्रभागाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक स्तर के तथा शेष पद वरिष्ठ वैज्ञानिकों के हैं। मंडल द्वारा 117 मामलों में नियुक्ति संस्तुतियां दी गई हैं जबकि शेष 26 पद भरे नहीं जा सके हैं।

कुल मिलाकर मंडल ने 1700 आवेदनों की जांच की तथा

वर्ष 2014–15 के दौरान विज्ञापित वैज्ञानिक पदों का स्तरवार विवरण

विज्ञापित पद	2/2014	3/2014	1/2015	कुल
उपमहानिदेशक	2	–	1	3
राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक	3	–	–	3
सहायक महानिदेशक	4	1	4	9
निदेशक	7	1	9	17
परियोजना निदेशक	–	–	2	2
जोनल परियोजना निदेशक	2	–	1	3
राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक	1	–	10	11
प्रभागाध्यक्ष	32	6	23	61
परियोजना समन्वयक	3	–	6	9
प्रधान वैज्ञानिक	–	21	8	29
वरिष्ठ वैज्ञानिक	–	34	6	40
कार्यक्रम समन्वयक	–	16	1	17
कुल	**54**	**79**	**71**	**204**

चयन समिति का एक दृश्य

759 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया। इनमें से केवल 570 उम्मीदवार ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए। इस प्रकार प्रत्येक पद के लिए औसतन 4 उम्मीदवार थे। कुल 143 पदों में से 11 पदों पर एक ही उम्मीदवार के आधार पर, 18 पदों पर 2 उम्मीदवारों के आधार पर, 21 पदों पर 3 उम्मीदवारों के आधार पर, 12 पदों पर 4 उम्मीदवारों के आधार पर तथा केवल 14 पदों पर 5 उम्मीदवार, 14 पदों पर 6 उम्मीदवार एवं 27 ऐसे पद थे जिनके लिए 6 से अधिक उम्मीदवार प्रतिस्पर्धा के लिए उपस्थित हुए।

मंडल ने विज्ञापन सं. 1/2013, 2/2013, 1/2014 तथा 2/2014 द्वारा विज्ञापित पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करली

रिपोर्ट अवधि के दौरान पूर्ण की गई सीधी भर्ती प्रक्रिया का विवरण

विज्ञापित पद	पदों की संख्या	आवेदनों की संख्या	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए उम्मीदवारों की संख्या	साक्षात्कार लिए गए उम्मीदवारों की संख्या	चयनित	उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं	साक्षात्कार हेतु कोई उम्मीदवार उपस्थित नहीं हुए
उपमहानिदेशक	4	85	28	26	4	0	0
राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक	1	27	11	7	0	1	0
सहायक महानिदेशक	5	289	59	42	5	0	0
निदेशक	21	430	161	122	19	1	1
जोनल परियोजना निदेशक	2	65	15	15	2	0	0
परियोजना निदेशक	1	23	9	7	0	1	0
राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक	3	59	16	14	3	0	0
प्रभागाध्यक्ष	87	592	405	306	74	12	1
परियोजना समन्वयक	5	53	28	19	5	0	0
वरिष्ठ वैज्ञानिक	14	118	27	12	5	4	5
कुल	**143**	**1741**	**759**	**570**	**117**	**19**	**7**



रिपोर्ट अवधि के दौरान पूर्ण की गई सीधी भर्ती प्रक्रिया का विवरण

है। प्रत्येक पद के लिए उपलब्ध उम्मीदवारों की संख्या के संदर्भ में गैर अनुसंधान प्रबंधन पदों की तुलना में अनुसंधान प्रबंधन पदों पर अधिक उम्मीदवार थे। यद्यपि प्रभागाध्यक्ष और निदेशक का वेतनमान स्तर एक समान है, परन्तु प्रबंधन के प्रत्येक पद हेतु आवेदनों की संख्या अधिक है।



सीधी भर्ती के 143 पदों का विवरण



उपमहानिदेशक, सहायक महानिदेशक, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक एवं संयुक्त निदेशकों की नियुक्ति विवरण



निदेशक, परियोजना निदेशक एवं जोनल परियोजना निदेशक पदों पर नियुक्ति का विवरण



परियोजना समन्वयक, प्रभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों पर नियुक्ति का विवरण

5

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्तियां

परीक्षाओं के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा में नियुक्तियां

मंडल ने भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग तथा अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में शिथिल मानकों को अपनाया। चयनित उम्मीदवार तथा प्रत्येक वर्ग के लिए रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है।

एआरएस परीक्षा 2013 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों का वितरण

वर्ग	पदों की संख्या	संस्तुति दी गयी उम्मीदवारों की संख्या
अनुसूचित जाति	58	36
अनुसूचित जनजाति	48	21
अन्य पिछड़े वर्ग	160	97
कुल	266	**154**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 266 रिक्त पदों में से 42 प्रतिशत पद अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण रिक्त रह गए हैं। इसके अतिरिक्त शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के दो पदों की संस्तुति दी गयी।



विभिन्न वर्गों का वर्गवार निष्पादन

6

वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम

संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/पदोन्नतियां

कृ.वै.च.मं. के स्तर पर 195 मामलों पर विचार किया गया (अनुलग्नक 7ए)। मूल्यांकन पदोन्नतियों के मामलों में 82% सफलता के अलावा उम्मीदवारों के 6% आस्थगित पदोन्नतियों की सिफारिशें भी अगले उच्च ग्रेड हेतु की गईं। सफल उम्मीदवारों में 17% उम्मीदवारों ने 90% या अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 40% उम्मीदवारों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केवल 12% उम्मीदवारों ने ही 73% से कम अंक प्राप्त किए हैं। ये पदोन्नतियां भा.कृ.अनु.प. की अनुसंधान प्रणाली की सुदृढ़ता को दर्शाता है।



कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत अगले उच्च ग्रेड पर वरिष्ठ वैज्ञानिकों की मूल्यांकन पदोन्नतियां

आंकडों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल 45 विषय क्षेत्रों में से 16 विषय क्षेत्र नामतः कृषि विस्तार, सस्य विज्ञान, कृषि कीट विज्ञान, कृषि आर्थिकी, बीज प्रौद्योगिकी, पादप प्रजनन, पादप शरीर क्रिया विज्ञान, पादप रोगविज्ञान, जेनेटिक्स एवं साइटो जेनेटिक्स, मृदा रसायनिकी/ उर्वरता/सूक्ष्म जैविकी, मृदा विज्ञान एवं भूमि विज्ञान, वस्त्र निर्माण, फार्म मशीनरी एवं पॉवर, कृषि में कम्प्यूटर एप्लीकेशन, जैव रसायनिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी (पशु विज्ञान) को छोड़कर शेष सभी विषय क्षेत्रों में शत्–प्रतिशत् पदोन्नतियां दी गई हैं।

संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/पदोन्नतियां (न्यायिक मामलों की समीक्षा)

मंडल ने वरिष्ठ वैज्ञानिक ग्रेड से प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड की पदोन्नति के 19 विषय क्षेत्रों में कुल 50 मामलों (31 दिसम्बर 1998 से प्रभावी पुरानी प्रणाली के 3 मामलों सहित) पर विचार किया जिनमें कानूनी/न्यायालय के निर्णयों पर आधारित मामले भी सम्मिलित हैं। पदोन्नतियों से संबंधित सिफारिशें परिषद को सूचित कर दी गई हैं। विषयवार विवरण अनुलग्नक 7 (ब एवं स) में दिया गया है।

मूल्यांकन मामले पर पुर्नविचार

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के निर्देश अनुसार संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत मूल्यांकन/पदोन्नति हेतु एक मामले पर विचार किया गया।

कृषि अनुसंधान सेवा में इंडक्शन

वर्ष के दौरान कृषि अनुसंधान सेवा में रिसर्च एवं अनुसंधान प्रबंधन पद (उपमहानिदेशक–पशु विज्ञान) के एक मामले पर स्थायी समावेशन/इंडक्शन पर विचार किया गया एवं संस्तुति परिषद को भेज दी गयी।

वैज्ञानिकों का पंचवर्षीय मूल्यांकन

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देश अनुसार केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के पूर्व वैज्ञानिक डा. डी.एस. सिंह के मामले पर विचार किया गया एवं संस्तुति परिषद को भेज दी गयी।

7

सुधार

प्रतिभा खोज की नई दिशाएं

मंडल ने ''राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली'' विषय पर एक दो दिवसीय कार्यशाला–सह–विचार मंथन सत्र का आयोजन दिनांक 16–17 जनवरी, 2015 के दौरान राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में किया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक वरिष्ठ स्तर के प्रतिभागी जैसे राष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व कुलपतिगण, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानद विश्वविद्यालयों के राष्ट्रीय निदेशक, परिषद के अनुसंधान संस्थानों के निदेशक, अन्य नियुक्ति आयोग/बोर्ड के प्रतिनिधि तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया।

करनाल में दो दिवसीय कार्यशाला–सह–विचारमंथन सत्र का उद्घाटन करते हुए माननीय श्री राधा मोहन सिंह, केन्द्रीय कृषि मंत्री

माननीय कृषि राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान अध्यक्षीय भाषण देते हुए

कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई कि प्रख्यात वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ संरचित प्रस्तुतियां दे सकें।

डॉ. एस. अय्यप्पन, सचिव डेयर एवं महानिदेशक, सभा को संबोधित करते हुए

स्वागत भाषण देते हुए डॉ. गुरबचन सिंह, अध्यक्ष कृ.वै.च.मं.

चर्चाओं में भाग लेने वालों में डॉ. एस. अय्यप्पन, महानिदेशक, भा.कृ.अ.प.; डॉ. गुरबचन सिंह, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.; प्रो. (डॉ.) डी. पी. अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग; डॉ. जे. एस. सामरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल रेनफैड एरिया अथॉरिटी एवं डॉ. पंजाब सिंह, पूर्व महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. प्रमुख हैं। चर्चाओं का उद्देश्य कृषि अनुसंधान प्रणाली हेतु उन्नत मानव संसाधनों का न केवल खोज करने, प्रवेश कराने, विकास कर बनाए रखना ही नहीं बल्कि देश में कृषि शिक्षा को बड़े पैमाने पर अनुकूलतम स्तर तक ले जाना है।

कार्यक्रम की परिकल्पना में मुख्य रूप से दो पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। प्रथमतः किसी भी कार्यप्रणाली में समय के साथ उत्पन्न समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना तथा दूसरी प्रतिभा खोज, विकास एवं बनाए रखने की प्रणाली को प्रभावकारी बनाना एवं समय के साथ इनमें सुधार लाना ताकि पूरी प्रणाली को सम्पूर्ण रूप से पारदर्शी, न्यायसंगत,

उद्देश्यपूर्ण के अलावा उच्च गुणीय बनाया जा सके। मुख्य ध्येय के अंतर्गत सात विभिन्न विषयों को तैयार किया गया ताकि राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली के विशेष संदर्भ में प्रतिभा खोज प्रणाली की महत्वपूर्ण पहलुओं का समावेश किया जा सके।

प्रो.(डॉ.) डी.पी. अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, यूपीएससी, करनाल में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

कार्यशाला–सह–विचारमंथन सत्र की संस्तुतियों को प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.

डॉ. एन. के. त्यागी, पूर्व सदस्य, कृ.वै.च.मं. का प्रस्तुतिकरण

प्रत्येक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता एवं सह अध्यक्षता प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा की गई जिन्हें विभिन्न संगठनों में प्रतिभा खोज प्रणाली की गहरी समझ एवं दीर्घ अवधि का कार्य अनुभव प्राप्त है। तकनीकी सत्र इस प्रकार संरचित किये गए कि मुख्य विषय की प्रस्तुतिकरण के पश्चात् पैनल के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा विचार विमर्श के बाद में खुले सत्र में चर्चा हो सके।

उद्घाटन सत्र में माननीय श्री राधा मोहन सिंह, केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. के की–नोट व्याख्यान तथा डॉ. संजीव कुमार बालियान, माननीय केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री के अध्यक्षीय भाषण से ही विचार मंथन का स्वर एवं स्वरूप व्यक्त हो गया। प्रयोगशाला की सीमाओं से बाहर कृषि वैज्ञानिकों की बड़ी भूमिका एवं दायित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त अनुसंधान एवं विकास के प्रयासों को स्थानीय कृषि क्षेत्र की मांग के अनुरूप पुनर्व्यवस्थित करने की आवश्यकता और ग्रामीण प्रगति एवं समृद्धि के लिए मूलभूत वैज्ञानिक हस्तक्षेपों पर बल दिया गया। छोटे केन्द्रों, विशेषकर कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों का अनुसंधान एवं विकास में गंभीर एवं असाधारण योगदान का उल्लेख किया गया जो कि खेतों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनुसंधानात्मक हस्तक्षेपों को प्रभावकारी रूप से स्थानीय लोगों तक पहुंचाते हैं। यह आवश्यकता महसूस की गई कि इस प्रकार के योगदानों को पर्याप्त रूप से पहचान कर अवार्ड, रिवार्ड तथा कैरियर एडवांसमेंट स्कीम व प्रणालियों के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए।

संस्तुतियां

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान की गई चर्चाओं, प्रस्तुतिकरणों तथा प्रत्येक तकनीकी सत्र में हुई खुली चर्चाओं के आधार पर निम्नलिखित संस्तुतियां उभर आई हैं जिन पर आगे की कार्रवाई प्रस्तावित है। इन संस्तुतियों में वे पहलुएं हैं जिन पर पूर्ण एकमत हैं। कुछ ऐसी पहलुएं भी हैं जिन पर सम्पूर्ण एकमत नहीं हैं चूंकि इनमें अंतर्विभागीय सरकारी नीतियों या और अधिक समीक्षा की आवश्यकता है, उस प्रकार की पहलुओं को संस्तुतियों के उपरांत सुझावों के अंतर्गत दिया गया।

- कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा को प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से निर्धारित तारीखों पर आयोजित करना आवश्यक है। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए आशाएं बंधी रहेंगी और प्रतिभागिता में वृद्धि होगी साथ ही प्रतियोगिता के पैमाने एवं गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।
- यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना होगा कि कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा को प्रत्येक वर्ष सभी अनुमोदित विषय क्षेत्र/विशेषज्ञता 'स्कूलों' में आयोजित किया जाना जिसमें रिक्त पदों की उपलब्धता या अन्य विषयों की बाधा न हों।
- जिस प्रकार कृषि अनुसंधान सेवा आधारित नियुक्तियां कृ.वै.च.मं. द्वारा की जा रही हैं उसे उसी प्रकार जारी रखना चाहिए परंतु इसे कैडर आधारित के स्थान पर संस्थान

आधारित बनाया जाना चाहिए यानि संस्थानों में कार्मिकों की संख्या के आधार पर उत्पन्न एवं विज्ञापित पदों के अनुसार हो। इससे लम्बे समय से वांछित संस्थानों का एलाइनमेंट, निष्ठा तथा संस्थान के अधिदेश के अनुसार स्थानीय अनुसंधान पहलुओं को बल मिलेगा। इसके अतिरिक्त, परिषद को थकाऊ अंतर्संस्थान स्थानांतरण पहलुओं से भी छुटकारा मिलेगा। इससे अंतर्संस्थानों में स्थानांतरण केवल उन संस्थानों में विज्ञापित रिक्त पदों पर चयन के द्वारा ही संभव हो पाएगा, जिससे व्यक्तिगत आवश्यकताओं से अधिक संस्थागत आवश्यकताओं को बल मिलेगा, जिसका वर्तमान समय में अभाव है।

- कृषि अनुसंधान सेवा एवं राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के विषय क्षेत्र तथा पाठ्यक्रम की योजना को एक बार पूर्णतः समीक्षा एवं संशोधित करने के उपरांत इनमें बार–बार परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए। उपयुक्त समय तक अनुरूपता बनाए रखने पर इनमें स्थिरता आएगी। परिणामतः उत्तम मानव संसाधन को आकर्षित किया जा सकेगा।
- सन् 1976 में कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा के आरंभिक वर्षों में निबंध लेखन तथा सामान्य ज्ञान जैसे विषयों के लिए स्थान दिया जाता था, परंतु वर्षों से प्रक्रिया में लाए गए परिवर्तनों से इन दोनों विषयों को पूर्णतः हटा दिया गया। विशेषज्ञता पर ध्यान केन्द्रित करना सराहनीय है परंतु राष्ट्रीय एवं वैश्विक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आए परिवर्तनों के संदर्भ में सामान्य सामाजिक–आर्थिक समझ तथा सम्प्रेषण क्षमताओं को पूर्णतः अनदेखा नहीं किया जा सकता। निबंध लेखन को यथावत पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए जबकि सामान्य ज्ञान या सामान्य अध्ययन के स्थान पर कम से कम समेकित 'सामान्य कृषि ज्ञान' को सम्मिलित किया जाना चाहिए ताकि परीक्षार्थीओं में भारतीय एवं वैश्विक कृषि का सामान्य ज्ञान के अलावा इस क्षेत्र की समझ तथा कौशल हो।
- कृषि अनुसंधान सेवा के सभी विषय क्षेत्रों में एक समान कट ऑफ अंक नहीं होना चाहिए बल्कि विषय क्षेत्रवार/'स्कूलवार' कट ऑफ अंक लागू करना चाहिए जिसमें प्रत्येक वर्ग में प्रत्येक पद के लिए उम्मीदवारों की निर्धारित संख्या का मानदंड भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। स्कूल शब्द संबंधित विषय क्षेत्रों तथा इनसे सम्बद्ध मौलिक विज्ञान विषयों का प्रतिनिधित्व करता है।
- राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के सभी विषय क्षेत्रों में एक समान कट ऑफ अंक रखना उचित नहीं है अतः इस परीक्षा में विषय क्षेत्र वार कट ऑफ अंक निर्धारित किया जाना चाहिए।
- कई ऐसे नए उभरते विषय क्षेत्र हैं जिनमें कई विषय क्षेत्रों के मिश्रित ज्ञान की आवश्यकता है। अतः कृषि अनुसंधान सेवा एवं नेट परीक्षाओं में इन विषय क्षेत्रों के लिए प्रभावकारी उपाय यह है कि विषय क्षेत्रों की संख्या को समेकित करते हुए इन्हें कम करते हुए विशिष्ट बृहत समूह या 'स्कूल' में विभाजित किया जाना चाहिए जिनमें संबंधित विषय क्षेत्र के साथ–साथ सम्बद्ध मौलिक विज्ञान भी सम्मिलित हो।
- अखिल भारतीय खुली एआरएस प्रतियोगिता परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग लेते हैं। इनमें से प्रत्येक विषय क्षेत्र में साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा अवस्था तक सीमित संख्या में अभ्यर्थी पहुंच पाते हैं। इसके पश्चात् इनमें से भी एक छोटी संख्या को ही विज्ञापित पदों के अनुसार कृषि अनुसंधान सेवा हेतु सिफारिश की जाती है। जो उम्मीदवार परीक्षा में उत्तीर्ण होकर साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा में उपस्थित हुए हैं परंतु जिनका अंतिम रूप से चयन नहीं हुआ हो वे भी अखिल भारतीय खुली प्रतियोगिता परीक्षा में मैरिट प्राप्त अभ्यर्थी हैं। अतः यह उचित होगा कि इस प्रकार के उम्मीदवारों की सूची को राज्य कृषि विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और लेक्चरर पदों पर नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों के चयन में उपयोग करें। इससे अखिल भारतीय स्तर पर प्राप्त मैरिट के उपयोग के अलावा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं का समाधान भी होगा जिनके कारण इनकी शैक्षणिक विशेष रूप से अध्यापन गुणवत्ता मानक प्रभावित हो रहे हैं।
- कृषि अनुसंधान सेवा एक अखिल भारतीय खुली प्रतियोगिता परीक्षा है जिसमें कृ.वै.च.मं परीक्षार्थीयों को कठिन परीक्षण एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत प्रत्येक विषय क्षेत्र एवं वर्ग में उपलब्ध रिक्त पदों पर मैरिट के अनुसार नियुक्ति की सिफारिश करता है। अतः यह न्यायसंगत होगा कि तैनाती, संबंधित विषय क्षेत्र में उपलब्ध रिक्त पदों पर मैरिट एवं उनके विकल्प के अनुसार हो। इस प्रकार मैरिट के आधार पर तैनाती से प्रतियोगिता एवं परिणामस्वरूप गुणवत्ता में वृद्धि होगी जिससे चयनित मानव संसाधन में दक्षता प्रदर्शित होगी।
- प्रत्येक स्तर पर सीधी भर्ती/पार्श्व प्रवेश से सबंधित स्कोर कार्ड में कृषि क्षेत्र में स्थानीय ग्रास रूट स्तर पर दिए गए विशिष्ट योगदान की पहचान के लिए प्रावधान होना चाहिए विशेषकर कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों जिन्हें इस प्रकार के योगदानों के लिए विभिन्न कारणों से अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्राप्त नहीं होती है। स्कोर कार्ड में 'रिमोट एरिया' के अंतर्गत इस प्रकार के योगदानों की पहचान एवं पुरस्कार हेतु पर्याप्त एवं विशिष्ट प्रावधान किया जाना चाहिए ताकि ग्रास रूट स्तर पर अनुसंधान, विकास तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं फार्म सेवाओं को प्रोत्साहित एवं सुदृढ़ किया जा सके।
- उत्कृष्ट प्रतिभा को खोज करने के संदर्भ में उच्च वैज्ञानिक पदों पर सीधी भर्ती/पार्श्व नियुक्ति हेतु वर्तमान योग्यता शर्तों में वैकल्पिक योग्यता का प्रावधान है। परन्तु इमिनेंट साइंटिस्ट की वैकल्पिक योग्यता के अंदर भी अनुसंधान प्रबंधन सेवाकाल से संबंधित एक और शर्त निहित है।

उत्कृष्टता के मापदण्डों को कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा विस्तृत रूप से परिभाषित किया गया है और यह सही प्रतीत होता है। परन्तु अनुसंधान प्रबंधन पद पर सेवाकाल की अनिवार्यता देश–विदेशों में कार्यरत प्रोफेसर या राष्ट्रीय प्रोफेसर पदों के वैज्ञानिकों से या उन वैज्ञानिक प्रणालियों से जहां पूर्णरूप से अनुसंधान प्रबंधन पद नहीं होते हैं, उन स्थानों से प्रतिभा को आकर्षित करने में अवरोध उत्पन्न करता है। यह वैकल्पिक प्रावधान सामान्य संस्थागत धाराओं से बाहर उत्कृष्ट प्रतिभा को आकर्षित करने में प्रभावशाली नहीं है। अतः इस वैकल्पिक योग्यता से उद्देश्य पूर्ण नहीं होता है। यद्यपि वैज्ञानिक सेवाकाल का एक निर्धारित अवधि या किसी ग्रेड और प्रोफेसर पद पर सेवाकाल पर रखना अनुचित नहीं होगा परन्तु अनुसंधान प्रबंधन पद पर सेवाकाल के शर्त को पूरी तरह हटा दिया जाना चाहिए ताकि प्रणाली के भीतर एवं बाहर तथा विदेशों से भी उत्कृष्ट प्रतिभा को आकर्षित किया जा सके। इमिनेंट साइंटिस्टों के लिए वर्तमान नियमों के अनुसार उपलब्ध वैकल्पिक योग्यताओं को शीघ्र उपरोक्त के अनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वर्तमान नियमों के अनुसार अनुसंधान प्रबंधन पद तथा वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पद पर 'सेवाकाल का नवीकरण' परिषद के स्तर पर एक विशिष्ट पद्धति द्वारा किया जाता है जो 'प्रणाली केन्द्रित' के स्थान पर व्यक्ति केन्द्रित है। इसके अलावा, प्रथम पांच वर्ष पूरे होने के उपरांत 'सेवाकाल का नवीकरण' के प्रावधान से संस्थानों की नई प्रतिभा को भविष्य के अवसरों से संभवतः वंचित होना पड़ रहा है। इस प्रकार के पदों पर पांच वर्षों का सेवाकाल उम्मीदवार को अपनी क्षमताओं एवं योगदान को प्रदर्शित करने के लिए सामान्य रूप से पर्याप्त होता है। इस प्रकार का सेवाकाल उम्मीदवार के प्रोफाइल को इससे उच्च पदों या इसी पद के लिए खुले चयन के लिए और अधिक प्रतियोगी बनाता है। अतः 'व्यक्ति केन्द्रित' नवीकरण के प्रावधान के स्थान पर 'प्रणाली केन्द्रित' प्रयास जैसे पद को पुनः विज्ञापित कर खुले चयन का आयोजन किया जाए जिसमें वर्तमान उम्मीदवार भी आवेदन करने एवं प्रतिस्पर्धा के लिए योग्य हो सके। इससे न केवल नई प्रतिभा के विकास एवं उन्नयन होगा बल्कि उन वर्तमान उम्मीदवारों को अपनी प्रतिद्वंदिता एवं प्रणाली को दिए गए योगदान के आधार पर प्रतिस्पर्धा करने में प्रोत्साहन मिलेगा जो वर्तमान में मौजूद गैर प्रतियोगी व्यक्तिगत सेवाकाल नवीकरण प्रक्रिया से बेहतर होगा।
- अनुसंधान प्रबंधन पद/वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पदों पर चयन की वर्तमान पद्धति स्कोरकार्ड की दृष्टि से स्क्रिनिंग एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया में अंकों का वितरण उचित है। चूंकि अनुसंधान प्रबंधन कार्य निरंतर जटिल एवं पेचिदा होता जा रहा है, अतः वैज्ञानिक सूझबूझ, प्रबंधन कौशल, मानव संसाधन प्रबंधन क्षमताएं विशेषकर अप्रत्याशित स्थितियों में उचित निर्णय लेने की क्षमता की दृष्टि से श्रेष्ठ प्रतिभा को चुनने की आवश्यकता है। अधिकतर मामलों में इस तरह के नेतृत्व गुणों का मूल्यांकन करना 20–30 मिनट के साक्षात्कार एवं वैयक्तिक प्रस्तुतिकरण के दौरान संभव नहीं है। अतः इस प्रकार के पदों के लिए आवश्यक क्षमताओं का 360 डिग्री मूल्यांकन पद्धति को दुनियाभर में अपनाया जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संदर्भ में चयन प्रक्रिया में सुधार हेतु कम से कम वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पदों के चयन में टू–टायर प्रणाली को अपनाया जाना आवश्यक है। आकस्मिक बदलाव से बचने एवं निरंतरता की दृष्टि से एक अतिरिक्त टायर के रूप में एक वैयक्तिक सेमिनार अपने संस्थान/पद से संबंधित अल्पकालिक/दीर्घकालिक विजन के संबंध में आयोजित किया जाना चाहिए। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा अंतिम साक्षात्कार के पूर्व 3/4 प्रख्यात विशेषज्ञों के समक्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए जो एक अतिरिक्त शार्ट लिस्टिंग होगी। इस प्रकार अंतिम साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों को छांटे जाने से मंडल के पास उम्मीदवारों के मूल्यांकन के लिए अधिक समय होगा जिससे चयन प्रक्रिया की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। अब समय आ गया है कि कृ.वै.च.मं./भा.कृ.अनु.प. संबंधित नियमों में संशोधन करते हुए वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए टू–टायर प्रक्रिया को प्रारंभ करे।
- वर्तमान संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम सुचारू रूप से चल रही है। कुछ विशिष्ट विषय क्षेत्रों को छोड़कर औसतन पदोन्नति दर 80 प्रतिशत से अधिक है जो अत्यंत संतोषजनक है। कुछ वैज्ञानिक 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सक्षम हैं जो आवश्यक बेंचमार्क 75 प्रतिशत से काफी अधिक है। इस प्रकार के उच्च निष्पादकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए अग्रिम वेतन वृद्धियों के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन तथा उत्कृष्ट वैज्ञानिक जैसे पदनाम से सम्मानित किया जाना चाहिए। इससे पूरी प्रणाली में उच्च गुणीय अनुसंधान आउटपुट की सतता बनाए रखने में प्रोत्साहन मिलेगा।
- वर्तमान नियमों के अनुसार सीधी भर्ती/पार्श्व प्रवेश के संदर्भ में कृ.वै.च.मं. प्रथम 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करता है बशर्ते अनुसंधान प्रबंधन पद/वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए उन्हें न्यूनतम 60 प्रतिशत बेंचमार्क अंक तथा गैर–अनुसंधान पदों के लिए 50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हों। यह अक्सर देखा गया है कि योग्य उम्मीदवारों में से एक बड़ी संख्या बेंचमार्क पूर्ति न कर पाने के कारण चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत होने के अवसर से वंचित रह जाते हैं कभी–कभी बहुत ही कम अंतर से। सामान्यतः निराशा, नाराजगी, प्रतिवेदन आदि के अलावा प्रतिस्पर्धा भी कम

हो जाती है। कभी–कभी मंडल को ऐसे चयन भी करने पड़ते हैं जहां बेंचमार्क के आधार पर साक्षात्कार के लिए दो–तीन या चार उम्मीदवार योग्य पाए जाते हैं। कभी–कभी उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्यता प्राप्त करने के उपरांत भी साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं होते हैं, इससे भी प्रतिस्पर्धा घट जाती है। अतः चयन के आधार में विस्तार तथा प्रतिस्पर्धा की गुणवत्ता में वृद्धि के उद्देश्य से प्रावधानों में ऐसे संशोधन किए जाने चाहिएं जिससे न्यूनतम बेंचमार्क के आधार पर प्रत्येक पद के लिए अधिकतम 10 योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जा सके।

- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल एक स्वतंत्र राष्ट्रीय स्तर का नियुक्ति निकाय है। इसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा सन् 1973 में की गई थी। मंडल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रणाली के अंतर्गत कृषि अनुसंधान, मानव संसाधन के निर्माण तथा सुदृढ़ता प्रदान करने में अत्यधिक योगदान दिया बल्कि प्रतिभा खोज प्रणाली को मानक बनाया तथा इस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करते हुए इसे उत्कृष्टता के स्तर तक पहुंचाया। अब समय आ गया है कृ.वै.च.मं. की इस विशेषज्ञता को न केवल भा.कृ.अनु.प. प्रणाली में प्रतिभा लाने के लिए उपयोग किया जाए बल्कि इसे राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न विभागों में तकनीकी एवं वैज्ञानिक पदों की नियुक्ति के लिए भी उपयोग किया जाना चाहिए। इस प्रकार के दायित्वों के निर्वाहन के लिए कृ.वै.च.मं को भी और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है जैसे इसे संघ लोक सेवा आयोग के समकक्ष अधिकार प्रदान किया जाए और अतिरिक्त सदस्यों की नियुक्ति की जाए, साथ ही अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्तर संघ लोक सेवा आयोग के तर्ज पर उनके समकक्ष बनाया जाए एवं इसकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए इसे भारतीय कृषि सेवा आयोग नाम दिया जाना चाहिए।

सुझाव

- कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा में छात्रों की सफलता के संदर्भ में भा.कृ.अनु.प. के मानद विश्वविद्यालयों तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में काफी भिन्नताएं एवं असमानताएं हैं और इसी प्रकार राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में एक दूसरे विश्वविद्यालय में भी काफी विभिन्नताएं एवं असमानताएं हैं। इसके तीन मुख्य कारण हो सकते हैं, संसाधनों, अवसरों, प्रदर्शनों में भिन्नताओं के कारण हैं इसके अलावा आपसी तालमेल न होना, अध्यापकों की गुणवत्ता में कमी, अध्यापकों की कमी आदि भी कारण हैं। इन असमानताओं का समाधान अति आवश्यक है। इन समस्याओं के समाधानों में एआरएस मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण परंतु चयन नहीं किए गए उम्मीदवारों को अध्यापकों के रूप में नियुक्त करना भी सम्मिलित किया जा सकता है तथा संकाय सदस्यों तथा वरिष्ठ पदों पर जैसे कुलपति, डीन, निदेशक आदि की नियुक्ति कृ.वै.च.मं. द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सीधी भर्ती द्वारा करना भी सम्मिलित किया जा सकता है। इसके अलावा, एक और पहल भी की जा सकती है, राज्य शिक्षा विभागों से उचित स्तर पर चर्चा करते हुए 10+2 स्तर पर कृषि क्षेत्र को सम्मिलित किया जा सकता है। संयोग से राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में जहां स्कूल स्तर पर कृषि विषय को सम्मिलित किया गया है, उन राज्यों का योगदान में कृषि अनुसंधान सेवा सहित कृषि की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेष वृद्धि हुई है। इस प्रकार के नीतिगत हस्तक्षेप का प्रयास उचित स्तर पर किया जाना चाहिए।
- लम्बी अवधि में यह उचित होगा कि एआरएस परीक्षा हेतु न्यूनतम अर्हता वर्तमान एमएससी के स्थान पर पीएचडी निर्धारित कर दिया जाए। ऐसा करने पर वर्तमान संकोचन दर में कमी आएगी और चयनित व प्रशिक्षित वैज्ञानिकों का अन्य सेवाओं में जाने की दर मे भी कमी आएगी। इससे चयनित विशेषज्ञता क्षेत्र में अनुसंधान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध एवं समर्पित उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित होगा।
- अपर्याप्त एवं असामान्य सीटों की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए एआरएस परीक्षा में आयु सीमा तथा परीक्षा में बैठने के अवसरों में छूट दिया जाना चाहिए। परीक्षा में बैठने के अवसर छः तक बढ़ाया जा सकता है।
- जहां एआरएस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की तुलना में रिक्त पदों की संख्या कम है वहां बेसिक साईंस विषयों पर विशेष ध्यान एवं पहचान किया जाना चाहिए।
- समस्त साक्षात्कार प्रक्रियाओं में चाहे एआरएस के प्रवेश स्तर हो या अनुसंधान प्रबंधन पद/वरिष्ठ अनुसंधान प्रबंधन पद हो, संकटमय काल में निर्णय करने की क्षमता से संबंधित पहलु पर विशेषज्ञों द्वारा किए गए निर्णय को महत्व दिया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक या इस प्रकार के विशेषज्ञों को प्रक्रिया के साथ जोड़ने पर भी विचार किया जाना चाहिए।
- एआरएस परीक्षा के विभिन्न विषय क्षेत्रों के लिए निर्धारित कटऑफ अंकों को सर्वसाधारण के लिए बहिरंग किया जाना चाहिए ताकि छात्र अपनी तैयारियों के स्तर का आंकलन कर सके।
- वर्तमान कृषि अनुसंधान सेवा यूजीसी पैटरन तथा वेतन पैकेज, अनुसंधान की प्रगति तथा उत्कृष्ठता के लिए लाभकारी नहीं पाया गया है। प्राथमिक तौर पर यह प्रणाली शिक्षा एवं अध्यापन के लिए उपयुक्त है जबकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का प्रमुख कार्य अनुसंधान एवं इसका प्रचार प्रसारण है। अतः यह उपयुक्त समय है कि कृषि अनुसंधान सेवा को मूल रूप से परिकल्पित एस–1 से एस–8 व्यक्तिगत पदोन्नति प्रणाली में वापिस लाया जाए जो 80 के दशक के अंत में यूजीसी पैटरन तथा वेतन पैकेज अपनाने के पूर्व कई दशकों तक अनुसंधान प्रणाली को प्रभावशाली रूप से चलाया। चूंकि वर्तमान समय में 7वां वेतन आयोग कार्यरत है, अतः यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए उपयुक्त समय होगा कि कृषि अनुसंधान सेवा को अपनी पुरानी

पद्धति एस–1 से एस–8 प्रणाली में लाया जाए जिसे कृषि अनुसंधान सेवा हेतु परिकल्पना की गई थी।

- वर्तमान यूजीसी प्रणाली के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कैरियर एडवांसमेंट स्कीम की पदोन्नतियों के अनुसार प्रत्येक ग्रेड में सीधी तथा खुले चयन का अवसर प्रदान किया है। यह पद्धति नियमों के विरूद्ध है जिससे उत्कृष्ठता हेतु व्यक्तिगत प्रेरणा में बाधा पहुंचती है और अनुसंधान प्रणाली के लिए उपयोगी नहीं है क्यों कि हर वैज्ञानिक किसी न किसी रूप से प्रायः एक ही समय पर उच्च स्तर पर पहुंच जाते हैं जिससे उत्कृष्ठता के लिए आवश्यक सम्मान एवं उच्च प्राथमिकताएं कमजोर हो जाती हैं। अतः मूल एस–1 से एस–8 एआरएस स्कीम में लौट आना प्रणाली के हित में होगा।
- केन्द्रीय/भारतीय कृषि सेवा का सृजन करना राष्ट्रीय हित में आज की मांग है जिस सेवा में अनुसंधान, विस्तार, विकास, शिक्षा, विदेशी कृषि सेवा, विपणन तथा कमानीकरण सेवाएं जैसी विशेषज्ञता शाखाएं हों।
- चिकित्सा, अभियांत्रिकी के समान कृषि को भी व्यवसायिक स्टेटस दिया जाना चाहिए। भारतीय कृषि परिषद् की स्थापना की आवश्यकता है जो कृषि स्नातकों को व्यवसायिक कार्य करने हेतु लाइसेंस जारी करेगा, जिससे उद्यमिता के विकास में सहायता मिलेगी। भारतीय कृषि परिषद् देश में कृषि शिक्षा को नियमित करेगा। वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र के निजी कॉलेजों को नियमित करने हेतु कोई नियमन निकाय उपलब्ध नहीं है।

गठित समितियां

वैज्ञानिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्कोर कार्ड की समीक्षा

मंडल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक पदों पर सीधी भर्ती से संबंधित स्कोर कार्ड की समीक्षा हेतु डा. एस.के. बन्धोपाध्याय, सदस्य, कृ.वै.च.मं. के संयोजन में बाहरी विशेषज्ञों की एक समिति गठित की। समिति की अब तक 6 बैठकें हो चुकी हैं और संशोधित स्कोर कार्ड के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया जो अभी वैधीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत है।

स्कोर कार्ड प्रणाली के संदर्भ में असुविधाजनक क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के एकक/केन्द्र/स्टेशनों की सूची की समीक्षा

डा. एस. के. बन्धोपाध्याय, सदस्य, कृ.वै.च.मं. की अध्यक्षता में दिनांक 15 अप्रैल, 2014 को, विभिन्न स्थानों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के असुविधाजनक एकक/केन्द्र/स्टेशनों की समीक्षा हेतु एक बैठक की गई।

नई पहल

परीक्षा प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए आधुनिक आईसीटी टेकनोलोजी को अपनाने के प्रयास में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने नेट/एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा को ऑफलाइन पद्धति से ऑनलाइन पद्धति में लाने की योजना बनाई। इस प्रयास में एनएआईपी तथा विश्व बैंक ने "भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में नेट/एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा हेतु ऑनलाइन प्रणाली का विकास, स्थापना, परिचालन तथा प्रबंधन" नामक उपपरियोजना हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराया। प्रारम्भिक तौर पर यह परियोजना दिनांक 31 मार्च, 2010 से 31 मार्च, 2012 तक कुल बजट प्रावधान 3,050 लाख राशि से किया गया था जिसमें कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली को कंसोर्टियम लीडर तथा परिषद् के 2 संस्थानों एवं 2 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को कंसोर्टियम पार्टनर बनाया गया। ततपश्चात् परियोजना को दिनांक 31 मार्च, 2014 तक बढ़ाया गया और कुल बजट प्रावधानों को बढ़ाकर 3,710.50 लाख कर दिया गया। इसके पश्चात् इसे ऑनलाइन परीक्षा आयोजन हेतु दिनांक 30 जून, 2014 तक बढ़ाया गया।

परियोजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

1. नेट/एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा को ऑनसाइट से ऑनलाइन में परिवर्तित करने हेतु मौलिक सुविधाओं तथा क्षमताओं का विकास।
2. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली हेतु ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली का निर्माण, स्वामित्व तथा परिचालन कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में करना जिसके पूरे देश में 23 मॉडल केन्द्र होंगें और जिस प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण, वैद्यीकरण, प्रवेश पत्र जारी करना, परीक्षा केन्द्रों का आंवटन तथा परिणामों की घोषणा करना सम्मिलित है।
3. नेट/एआरएस परीक्षाओं के सभी विषय क्षेत्रों के लिए क्वेश्चन बैंक का विकास करना।
4. देश के 23 नोडल केन्द्रों में वार्षिक तौर पर नेट/एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन करना।
5. अंततः ऑनलाइन परीक्षा का एक राष्ट्रीय सुविधा स्थापित करना जिसका उपयोग न केवल कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल बल्कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा ऑनलाइन ऑडिट एंड अकाउंट्स परीक्षा हेतु, परिषद के शिक्षा प्रभाग द्वारा स्कालरशिप एवं प्रवेश परीक्षा को ऑनलाइन आयोजन करने तथा ऑनलाइन परीक्षाओं के माध्यम से कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए उपयोगी हो।

परियोजना की समाप्ति सफलतापूर्वक दिनांक 30 जून, 2014 को किया गया। एनएआइपी के दिशा निर्देशों के अनुसार इंटरनेशनल कॉम्पिटेटिव बिडिंग प्रक्रिया द्वारा मैसर्स वयम टेक्नॉलोजिस लिमिटेड जिसका कंसोर्टियम मैसर्स एड्यूकेटिव कैरियर टेक्नॉलोजिस प्राइवेट लिमिटेड के साथ है, उस परियोजना नेटवर्क के अंतर्गत हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की आपूर्ति, स्थापना तथा सफल परिचालन के अलावा अगले 3 वर्ष तक सम्पूर्ण प्रणाली के रख–रखाव तथा ऑनलाइन परीक्षाओं को आयोजन करने हेतु चयन किया गया। एजेंसी ने ऑनलाइन

परीक्षा आयोजन हेतु आवश्यक हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की आपूर्ति एवं स्थापना डीसी, डीआर साइट तथा 23 ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों में की। इस परियोजना के अंतर्गत एक नेटवर्क की स्थापना, 23 परीक्षा केन्द्रों में 2020 कम्प्यूटरों को परीक्षा हेतु 21 संस्थानों तथा 2 राज्य कृषि विश्वविद्यायों में किया गया।

सभी परीक्षा केन्द्रों में सरवर, डेस्कटॉप, लोकल एरिया नेटवर्क, फर्नीचर, बैकअप तथा एयरकंडीशन मशीनें उपलब्ध हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कम्प्यूटरों की संख्या 20 से 120 के बीच रखा गया है। डाटा सेन्टर अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है जैसे अनेक सरवर, एसएएन स्टोरेज, टेप लाइब्रेरी, आधुनिक एप्लीकेशन एवं सिस्टम सॉफ्टवेयर आदि हैं जिसके माध्यम से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ऑनलाइन गतिविधियों को नियंत्रित करता है। परीक्षा केन्द्रों से जुड़ने के लिए एक डेडिकेटेड इंटरनेट लीज्डलाइन (1:1)लिया गया है जिसकी क्षमता 4 एम.बी.पी.एस. है। डाटा सेन्टर में सुरक्षा हेतु इंटरनेट फायरवाल (बैक प्वाइंट) तथा नेटवर्क इन्ट्रोशन प्रिवेंशन सिस्टम (रेडवेयर) लगाया हुआ है और इसके अलावा सभी सरवरों में होस्ट इन्ट्रोशन प्रिवेंशन सिस्टम (ट्रेंड माइक्रो) सॉफ्टवेयर स्थापित है। डीआर साइट का सृजन आईएआरआई परिसर में किया गया है और इसमें सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध है। डीसी और डीआर साइट्स को डेटा बेकअप हेतु एक 10 एम.बी.पी.एस. डेडिकेटर वायरलैस लिंक से जोड़ा गया है।

आउटसोर्स एजेंसी द्वारा कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे ऑनलाइन पंजीकरण, शुल्क भुगतान, प्रवेश पत्रों की तैयारी एवं जारी करना, परीक्षा केन्द्रों का आंवटन तथा परिणामों की घोषणा करने हेतु आवश्यक सॉफ्टवेयर का विकास तथा कस्टमाइज किया गया। नेट/एआरएस परीक्षाओं हेतु टेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर तैयार किया गया। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की आवश्यकताओं के अनुसार क्वेश्चन बैंक सॉफ्टवेयर में संशोधन किया गया। एआरएस/नेट परीक्षाओं के 56 विषयक्षेत्रों के लिए डिजिटाइज्ड क्वेश्चन बैंक का सृजन किया गया। क्वेश्चन बैंक से क्वेश्चन पेपर तैयार करने हेतु सॉफ्टवेयर मोड्यूल विकसित किया गया। कम्प्यूटर आधारित परिक्षण से संबंधित सॉफ्टवेयर उपयोगकर्ता के लिए मैत्रीपूर्ण तथा उम्मीदवारों के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराता है। किसी भी प्रश्न को उत्तर देने या ततपश्चात् इसकी समीक्षा के लिए या उत्तर दिए बिना छोड़ देने के लिए चुना जा सकता है। ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली से परीक्षाओं में पारदर्शिता, उद्देश्यता, सटीकता एवं कुशलता में वृद्धि हुई है। पंजीकरण प्रक्रिया, प्रवेश पत्रों की तैयारी एवं जारी करना, परीक्षाओं का आयोजन तथा परिणामों की घोषणा आदि ऑनलाइन होने के कारण उल्लेखनीय रूप से श्रमशक्ति, समय, मानविक भूल तथा आवेदन एवं परिणाम प्रक्रिया की लागत में बचत हुई है।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली में दिनांक 21 नवम्बर, 2013 से 22 नवम्बर, 2013 के दौरान नोडल अधिकारियों तथा तकनीकी कर्मचारियों को ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली से अवगत कराने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी संबंधित परीक्षा केन्द्रों में तकनीकी कर्मचारियों के लिए एक फील्ड लेबल ट्रेनिंग का प्रबंध किया गया जिसमें ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली की सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। उपपरियोजना के अंतर्गत मुख्य तकनीकी नवनमेशी कार्य हैं – भारत के विभिन्न भागों में फैले 23 परीक्षा केन्द्रों में मौलिक सुविधाओं का सृजन; क्वेश्चन बैंक को डिजिटाइज्ड करने हेतु सॉफ्टवेयर का विकास, क्वेश्चन बैंक से क्वेश्चन पेपर की तैयारी, नेट एवं एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा हेतु आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण जिसमें इलेक्ट्रॉनिक पेयमेंट गेटवे, प्रवेश पत्रों की तैयारी एवं ऑनलाइन जारी करना, टेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर आदि सम्मिलित हैं; ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली को समझने हेतु लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना है।

सम्पूर्ण ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत सभी हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर का परीक्षण प्रथम ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व मैसर्स के.पी.एम.जी. के द्वारा कराया गया ताकि विकसित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन तथा प्रणाली की सुरक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र का एक दृश्य

प्रथम ऑनलाइन नेट 2014 (I) परीक्षा दिनांक 26 मार्च, 2014 से 4 अप्रैल, 2014 तक आयोजित किया गया। इस परीक्षा हेतु 18,245 उम्मीदवारों ने आवेदन किया परन्तु 14,178 (77.71%) आवेदक ही परीक्षा में उपस्थित हुए। यह परीक्षा प्रथम है जिसे पूरी तरह कागज और कलम से बदलकर कम्प्यूटर आधारित बनाया गया। दूसरी ऑनलाइन परीक्षा नेट 2014 (II) तथा एआरएस (प्रारम्भिक) परीक्षा का सफल आयोजन दिनांक 22 सितम्बर, 2014 से 28 सितम्बर, 2014 के दौरान किया गया।

8

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का अनुपालन

भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपनी नियुक्तियों, मूल्यांकन एवं चयन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता अपनाने एवं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को सच्चे अर्थों में लागू करने हेतु कटिबद्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 के अनुसार नियुक्तियों एवं मूल्यांकन से संबंधित अद्यतन सूचनाएं समय समय पर मंडल के वेबसाईट (www.asrb.org.in) पर डाला जाता है। मंडल ने सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अनेक अनुरोधों एवं अपीलों को निर्धारित अवधि में बड़ी कुशलता एवं संतोषजनक रूप से निपटारा किया। इस संदर्भ में मंडल ने एक दायित्वपूर्ण लोक प्राधिकरण के रूप में सभी आवश्यक एवं उचित कार्रवाईयां की। मंडल ने सूचना याचकों के अनुरोधों के निपटान के लिए दो मुख्य जन सूचना अधिकारियों तथा एक अपील अधिकारी की नियुक्ति की।

मंडल में कुल 482 मामले प्राप्त हुए जो मुख्यतः निम्नलिखित संदर्भों में हैं –

1. विशेषज्ञों के नाम
2. जांच एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंक
3. सीधी भर्ती के पदों के आवदनों की जांच प्रक्रिया
4. एआरएस/नेट परीक्षा में प्राप्त अंक
5. एआरएस उत्तर पुस्तिका की मूल्यांकन प्रक्रिया
6. प्रारम्भिक परीक्षा की 'आन्सर की'
7. आन्सर शीट, ओएमआर शीट तथा प्रश्न पत्रों की फोटो प्रतियां
8. मंडल के प्रोएक्टिव आदेश/निर्णय तथा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 का अनुपालन।

सभी मामलों को सफलतापूर्वक निपटाया गया। कुल 482 मामलों में केवल 6 आवेदक ही मंडल के निर्णयों के विरूद्ध केन्द्रीय सूचना आयोग में अपील किए हैं। उन मामलों को भी संतोषजनक रूप से निपटाया गया है। सम्पूर्ण विवरण तालिका 5 में दर्शाया गया है।

वर्ष 2014–2015 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निष्पादित मामलों का विवरण

खण्ड–1 : (अनुरोधों एवं अपीलों का विवरण)

	01.04.2012 से पूर्व लम्बित मामलें	अन्य स्थानों से स्थानांतरित हो कर आए मामलें	तिमाही के दौरान प्राप्त अनुरोध (अन्य स्थानों पर भेजे गए पत्रों सहित)	अन्य स्थानों पर भेजे गए मामलें	निर्णय जहां अनुरोध/अपील अस्वीकार किया गया हो	निर्णय जहां अनुरोध/अपील स्वीकृत किया गया हा
अनुरोध	0	23	459	10	9	463
प्रथम अपील	0	–	57	–	0	57
		सीएपीआईओ की कुल संख्या		सीपीआईओ की कुल संख्या		अपील अथॉरिटी
		–		2		1

खण्ड–2: (संग्रहि शुल्क, लगाया गया जुर्माना राशि तथा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई)

वसूल की गई पंजीकरण राशि धारा 7(1)	वसूल की गई अतिरिक्त राशि धारा 7(3)	केन्द्रीय सूचना आयोग के निर्देशों के अनुसार वसूल की गई जुर्माना राशि धारा 20(1)	अधिकारियों के विरूद्ध की अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामलें धारा 20(2)
4,120/–	14,773/–	0	0

खण्ड–3 : (मांगी गई सूचना मना करने के दौरान धारा 8 के विभिन्न प्रावधानों के उपयोग)

मांगी गई सूचना देने से मना करने के दौरान कितने बार विभिन्न प्रावधानों का सहारा लिया गया उसका विवरण

धारा 8(1)										अन्य धारा			
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)	(एच)	(आई)	(जे)	(9)	(11)	(24)	अन्य
—	–	–	0	6	–	0	–	6	–	—			3

9

राजभाषा हिन्दी की प्रगति

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपने कार्यालय में हिन्दी के गामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है ताकि केन्द्र सरकार/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित हो एवं वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में राजभाषा कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु एक उपनिदेशक (राजभाषा) तैनात हैं। हिन्दी (राजभाषा) की उन्नति के लिए किए गए प्रयास निम्नलिखित हैः

- मंडल में राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के अनुसार मंडल में परिपत्रों, रिपोर्टों एवं अन्य प्रलेखों की द्विभाषी आवश्यकता समुचित रूप से पालन किया जाता है।
- मंडल में कार्यरत 95 प्रतिशत् अधिकारीगण एवं शत–प्रतिशत् कर्मचारी हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हैं।
- हिन्दी में कार्य करने में सहायता हेतु कर्मचारियों को कृषि शब्दावली, सामान्य कार्यालयीन वाक्यों का हिन्दी समानार्थक वाक्य तथा पत्रों के मानक मसौदे आदि उपलब्ध कराया गया।
- मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित अधिसूचनाऐं, पाठ्यक्रम, उम्मीदवारों के लिए अनुदेश, परीक्षा प्रवेश पत्र, प्रश्न पत्र, आवेदन प्रपत्र, परीक्षा में उपस्थिति की सूची आदि द्विभाषीय रूप में तैयार किए जाते हैं।
- वर्ष के दौरान मंडल द्वारा जारी किए गए तीनों विज्ञापन हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में ''रोजगार समाचार'' सहित देश के प्रमुख समाचार पत्रों में दिया गया है।
- मंडल के कार्यालय में उपलब्ध सभी कम्प्यूटरों पर देवनागरी में टंकण करने की सुविधा उपलब्ध है।
- मंडल के 8 अनुभागों में से 2 अनुभागों को पूर्णतः हिन्दी में काम करने हेतु अधिसूचित किया गया है।
- प्रश्न पत्र बनाने वाले विशेषज्ञों की सुविधा के लिए कृषि शिक्षा/अनुसंधान से संबंधित प्रमुख तकनीकी शब्दों हेतु शब्दकोशों की सुविधा उपलब्ध है।
- मंडल विभिन्न परीक्षाओं के उम्मीदवारों को हिन्दी में परीक्षा लिखने तथा साक्षात्कारों में हिन्दी में उत्तर देने का विकल्प उपलब्ध करता है।
- रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल द्वारा पुस्तकालय हेतु ₹15,000/– की पुस्तकों की खरीद की गई।
- रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसेः हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता, हिन्दी पत्र लेखन प्रतियोगिता, प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता आदि। प्रतियोगिताओं के निर्वाहन के लिए बाहरी व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया नामतः श्रीमती अर्चना राघव, सहायक निदेशक (राजभाषा), राष्ट्रीय पादप अनुवांशिकी ब्यूरो, नई दिल्ली; डा. पूरन सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली; श्री एस.पी. उनियाल, पूर्व उपनिदेशक (राजभाषा), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली तथा डा. हेमचन्द्र जोशी, पूर्व प्रभागाध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।

श्रीमती प्रियंवदा, निदेशक (राजभाषा), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, हिन्दी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार प्रदान करते हुए

- मंडल में 15 सितम्बर से 22 सितम्बर, 2014 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। हिन्दी सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर डा. रमेश बाबू अनिनेरी, निदेशक (राजभाषा), जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह में श्रीमती प्रियंवदा, निदेशक (राजभाषा), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंडल के अध्यक्ष, सदस्यगण तथा मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार दिए गए।
- वर्ष के दौरान राजभाषा नियमानुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 4 बैठकें, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन के अलावा राजभाषा व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। व्याख्यान हेतु श्रीप्रकाश शुक्ला, अवर सचिव, संसदीय राजभाषा उपसमिति–II नई दिल्ली को मंडल में आमंत्रित किया गया था।

राजभाषा कार्यशाला का एक दृश्य

10

स्थापना दिवस समारोह

भारतीय राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली की सेवा में चार दशक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने अपना 41वां स्थापना दिवस दिनांक 01 नवम्बर, 2014 को नई दिल्ली में मनाया। इस अवसर पर श्री राधा मोहन सिंह, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. मुख्य अतिथि रहे।

माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री जी ने कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की सेवाओं की सराहना करते हुए इस बात पर बल दिया कि प्रतिभा खोज योजनाओं में और अधिक सुधार एवं नयापन लाते हुए इन्हें पुनः गढ़ने की आवश्यकता है ताकि एक ऐसे खेत वैज्ञानिकों का समुदाय बनाया जा सके जो कृषि और भारतीय किसानों कि समस्याओं के प्रति पूर्णतः समर्पित एवं संवेदनशील हो। बढ़ती कृषि लागत, घटती भूमि, जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कम लागत वाले अनुसंधानात्मक समाधानों को किसानों तक पहुंचाने के संदर्भ में किसानों के पास उपलब्ध छोटे भूखंडों पर चिंता जताई। इस अवसर पर कृ.वै.च.मं. का छमाही, द्विभाषी न्यूजलैटर के प्रथम अंक तथा द्विभाषी प्रोफाइल का विमोचन भी किया गया।

डॉ. गुरबचन सिंह, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. ने सन् 1973 में मंडल की स्थापना से लेकर अब तक की प्रमुख उपलब्धियों को संक्षिप्त रूप में दोहराया। इस अवधि के दौरान मंडल ने प्रवेश स्तर के 7,198 वैज्ञानिकों की नियुक्ति की, कृषि अनुसंधान सेवा में 3,332 वैज्ञानिकों को इंडक्ट किया, कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत 13,072 वैज्ञानिकों के कार्य द. मूल्यांकन किया, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के 44,715 प्रमाण–पत्र जारी किए तथा सीधी भर्ती के माध्यम से विभिन्न स्तर के वैज्ञानिक पदों पर 5,500 से अधिक वैज्ञानिकों की नियुक्ति की जैसे उपमहानिदेशक, सहायक महानिदेशक, निदेशक, जोनल परियोजना निदेशक, प्रभागाध्यक्ष, परियोजना समन्वयक, प्रधान वैज्ञानिक तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक।

मंच पर मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. एवं अन्य उच्च पदाधिकारी

